**सुविचार**

कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित



प्रियंका करना चाहती है स्मगलिंग 08

रांची • गुरुवार, 20 अप्रैल 2023 • वर्ष : 01 • अंक : 94 • रांची संस्करण • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3 • www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com


# झारखंड बंद : सड़क पर उतरे छात्र, बंद रहे स्कूल, लंबी दूरी की बसें नहीं चलीं

## नई नियोजन नीति के विरोध में निकले छात्र, 60-40 नाय चलतो का लगाया नारा, 82 गिरफ्तार

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा 60-40 नियोजन नीति को वापस कर झारखंडी हित में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने की मांग को ले झारखंड बंद का बुधवार को राजधानी रांची में मिला-जुला असर देखने को मिला। इस दौरान छात्रों ने 60-40 नाय चलतो का नारा लगाया। राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान पर बंद समर्थक मनोज यादव, दवेन्द्र महतो सहित अन्य छात्र नेता अपने समर्थकों के साथ सुबह एकत्र हुए और साप्ताहिक बाजार को जबरन बंद करने को कहा। इन लोगों ने सड़क को अवरुद्ध कर टायर जलाया। सूचना मिलते ही सिटी डीएसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और बंद समर्थकों को खदेड़ा। कुछ देर बाद फिर बंद समर्थक वहां पहुंचे और जबरन सब्जी बाजार बंद कराने लगे। इस पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। इसके बाद बंद समर्थक भाग खड़े हुए। नगर में बंद के दौरान आम दिनों के तरह सड़कों पर वाहन थोड़े कम चले। हर चौक चौराहे पर पुलिस के जवान मुस्तैद दिखे। बूटी मोड के समीप बंद समर्थकों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया, लेकिन वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने बल प्रयोग करते हुए बंद समर्थकों को खदेड़ दिया।




राजधानी रांची में नियोजन नीति के विरोध में सड़क को अवरुद्ध कर टायर जलाते झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के छात्र • फोटोन न्यूज

### प्रशासन हमें गिरफ्तार कर सकता है हमारे विचारों को नहीं

गिरफ्तारी के दौरान झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि गिरफ्तार हमें किया गया है, लेकिन आंदोलन जारी रहनी चाहिए। प्रशासन हमें गिरफ्तार कर सकती है हमारे विचारों को नहीं। 60- 40 नियोजन नीति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियोजन नीति के आंदोलन की यह आग भयंकर रूप लेकर धधक रहा है। यह आग तब तक जलता रहेगा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी। बंद समर्थक छात्र सुबह छह बजे से ही दुकानें बंद कराने निकल गए। पहले उन्होंने मोरहाबादी मार्केट को बंद कराया। इस बीच पुलिस आयी और उन्हें खदेड़ा। इसके बाद छात्र फिर बंद कराने निकले। छात्रों ने कचहरी चौक, लालपुर, मेन रोड, रातू रोड, कांटा टोली, लोवाडीह चौक, कोकर चौक, बुटी मोड़, बीआईटी मोड़, ओरमांझी, टाटीसिलवे , नामकुम, बहु बाजार, सुजाता चौक, डोरण्डा, हीनू, बिरसा चौक, हटिया, तुपूदाना, दस माईल, सतरंगी, धुर्वा, अरगोड़ा चौक, किशोरगंज, रातू रोड, आईटीआई बस स्टेंड और खादगाढ़ा बस स्टैंड में घूमघूम कर दुकानें बंद करायी। छात्रों का कहना है कि अगर इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुई तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो जाएगी।

### क्या चाहते हैं स्टूडेंट्स

- झारखंड में बिहार की तर्ज पर नियोजन नीति लागू हो।
- बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार को भी यह अधिकार है कि वह संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अध्यादेश, गजट का संकल्प को अंगीकृत कर सकती है। इसी अधिकार के तहत बिहार की 3 मार्च 1982 वाली नियोजन नीति जिसका पत्रांक 5014/81–806 है, को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर नियोजन नीति लागू करते हुए नियुक्तियां शुरू की जाएं।
- नियुक्ति फॉर्म भरते समय स्थानीय प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या अनिवार्य रूप से भरने का प्रावधान किया जाए
- जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों को जिला स्तर में आरक्षण लागू किया जाए
- झारखंड का एक स्पेशल पेपर का प्रावधान किया जाए, जिसमें झारखंड के रीति रिवाज, भाषा संस्कृति, परंपरा की अनिवार्यता हो
- राज्य स्तर तथा जिला स्तर के सभी तकनीकी तथा गैर तकनीकी परीक्षा में क्षेत्रीय भाषा का पेपर अनिवार्य किया जाए
- मूल झारखंडी छात्रों को पांच वर्ष का उम्र सीमा में विशेष छुट दी जाए
- उत्तराखंड की तर्ज.पर परीक्षा नकल विरोधी कानून लागू किया जाए


### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 59,567.80 |
| निफ्टी | : | 17,618.75 |

### सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,750 |
| चांदी | : | 81.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (गुरुवार) : 06.14

सेहरी (शुक्रवार) : 04.04

### ब्रीफ न्यूज

#### सीबीआइ ने बकोरिया मुठभेड़ कांड में क्लोजर रिपोर्ट सौंपी

**रांची :** पलामू जिले के बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई मुठभेड़ की जांच कर रही सीबीआई ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट न्यायालय में पेश कर दी है। इसकी जानकारी मुठभेड़ में मारे गये पलामू जिले के सदर थाना क्षेत्र के बकोरिया निवासी उदय यादव के पिता जवाहर यादव को दी है। जवाहर यादव ने सीबीआई की जांच पर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि सीबीआई की ओर से मामले की सही तरीके से जांच नहीं करने, मामले की लीपापोती करने तथा सच्चाई को छुपाने के निर्णय से मैं तथा मेरा परिवार काफी असंतुष्ट हैं। हम लोग इस निर्णय के खिलाफ न्यायिक लड़ाई जारी रखेंगे। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे। 10 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या करने के दोषी लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करना गंभीर चिंता का विषय है। हमें तथा हमारे परिवार के लोगों को सीबीआई से न्याय तो नहीं मिला,पर हमें इस देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। हम लोग न्याय पाने के लिए हर सक्षम न्यायालय की शरण में जाएंगे। दोषी लोगों को सजा दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे। मामले में 8 जून 2015 को हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआई दिल्ली ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

#### झारखंड में कोरोना के 45 नए मरीज, आंकड़ा बढ़कर पहुंचा 226

**रांची :** कोरोना ने झारखंड के 18 जिलों में पांव पसार लिए हैं। पिछले 24 घंटे में 45 नए मरीज सामने आए हैं। इसके बाद संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 226 पहुंच गई है। राजधानी रांची में सबसे ज्यादा में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। रांची में 72 मरीज अस्पताल में हैं। बोकारो में कोरोना के छह, देवघर में 16, धनबाद में तीन, पूर्वी सिंहभूम में 46, गढ़वा में चार, गिरिडीह में छह , गोड्डा में तीन, गुमला में 10, हजारीबाग में सात, खूंटी में दो, कोडरमा में छह, लातेहार में छह, लोहरदगा में 15, पाकुड़ में दो, पलामू में छह, रामगढ़ में छह और पश्चिमी सिंहभूम में 10 नए मरीज मिले हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान 16 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

#### घूस लेते दो पुलिसकर्मियों का वीडियो वायरल, सस्पेंड

**चतरा :** चतरा जिला अंतर्गत लावालौंग थाना के एएसआई नागेश्वर पंडित और मुंशी द्वारा समझौता कॉपी देने के नाम पर रिश्वत लेने का वीडियो वायरल हुआ है। दोनों पुलिसकर्मियों का घूस लेते वीडियो वायरल होते ही पुलिस अधिकारी हरकत में आये। तत्काल इसकी सूचना डीजीपी, डीआईजी और एसपी को दी गयी। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने इस मामले की जांच की। जांच के बाद इसकी रिपोर्ट एसपी राकेश रंजन को सौंपी गई जिसके बाद एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।



## सीएम आवास पर दावत-ए-इफ्तार

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से रमजान -उल- मुबारक के अवसर पर बुधवार को दावत -ए- इफ्तार का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित दावत- ए -इफ्तार में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रमजान की दिली मुबारकबाद दी । इस अवसर पर सभी ने राज्य की प्रगति, प्रेम- भाईचारा, खुशहाली और अमन- चैन के साथ सुरक्षित जनता- सुरक्षित झारखंड की की दुआ की। दावत- ए -इफ्तार में राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कई विधायक, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के अलावा कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए।

## निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की जब्त

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बुधवार को टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने वीरेंद्र राम की अस्थायी रूप से 39.28 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। यह संपत्ति वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों के हैं। जब्त संपत्तियों फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स बंगला, दिल्ली, जमशेदपुर और रांची में जमीन और करीब 36 लाख रुपये के सामूहिक बैलेंस वाले तीन बैंक खाते शामिल हैं। वीरेंद्र राम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 125 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। इसका खुलासा वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हुआ था। छापेमारी में पता चला था कि उसने टेंडर कमीशन घोटाले में अकूत संपत्ति बनायी है। ईडी की ओर से बताया गया कि एसीबी जमशेदपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। जांच में पता चला कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को टेंडर आवंटित करने के एवज में उनसे कमीशन के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।



वीरेंद्र राम की फाइल फोटो

### वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में बुधवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। वीरेंद्र राम की पेशी बिरसा मुंडा कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस दौरान अदालत ने वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत की अवधि 29 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी ने वीरेंद्र राम को तीन बार रिमांड पर लेकर 12 दिनों तक पूछताछ की थी। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान लगभग 20 लाख से अधिक का कैश एवं डेढ़ करोड़ के जेवरात मिले थे। साथ ही कई वाहन भी बरामद किये थे।

### नक्सलियों को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित, एक-एक लाख का चेक भी मिला

## पांच लाख के इनामी सहित दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

**वरीय संवाददाता, मेदिनीनगर।**

राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत दो माओवादी नक्सलियों ने पलामू पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से एक नक्सली पर पांच लाख रुपये का इनाम था। बुधवार को पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त ए.दोड्डे, पलामू एसपी चंदन सिन्हा, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ कमांडेंट सुदेश कुमार, आईपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, एनडीसी शैलेश कुमार की मौजूदगी में नौडीहा बाजार निवासी सबजोनल कमांडर संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां और नावाबाजार निवासी सबजोनल कमांडर राजेश ठाकुर ने आत्मसमर्पण किया। इन अधिकारियों ने दोनो नक्सलियों को माला पहनाकर व बुके देने के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने दोनों नक्सलियों को एक- एक लाख का चेक भी प्रदान किया। एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। संतोष भुइयां दो दर्जन से अधिक बडी घटनाओं में संलिप्त है। माओवादी नक्सली राजेश ठाकुर भी आधा दर्जन से अधिक बड़ी घटनाओं में संलिप्त है। दोनो नक्सलियों के खिलाफ जिले के भंडरिया, नौडीहा, पांकी, छत्तरपुर और मदनपुर के थाने में मामले दर्ज हैं। आईजी राजकुमार लकड़ा और उपायुक्त ए. दोड्डे ने कहा कि दोनों आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और उनके परिवार को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सारी सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी।




पीछे खड़े आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली व जानकारी देते पुलिस अधिकारी

### दो-दो किलो के चार व पांच किलो का एक आईईडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के छोटा कुईड़ा से मरादिरी जाने वाले रास्ते से सुरक्षाबलों ने पांच आईईडी बम बरामद किया है। बरामद आईईडी में दो-दो किलो के चार और पांच किलो का एक बम शामिल है। पुलिस और सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाया गया था, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों की सक्रियता से एक बार फिर नक्सलियों का मंसूबा विफल हो गया। चाईबासा जिला बल और सीआरपीएफ 60 बटालियन की बीडीडीएस टीम ने इसे डिफ्यूज कर दिया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 11 जनवरी से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है।

## भारतीय वायु सेना के लिए पहला सी-295 विमान तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय वायु सेना के लिए फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान तैयार कर लिया है। फ्रांस की कंपनी 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करेगी। इसके अलावा दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही 40 विमानों का निर्माण करेगा। पहले विमान को तैयार करके पेंट करने का कार्य कई दिनों से चल रहा था। फ्रांसीसी कंपनी के साथ पिछले साल सितंबर में 56 विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। वायु सेना ने बुधवार को फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस का एक वीडियो साझा करके जानकारी दी कि भारत को आपूर्ति करने के लिए पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान तैयार हो चुका है। महज एक मिनट के इस वीडियो में विमान को पेंट किये जाने की पूरी प्रक्रिया को दिखाया गया है। विमान को हल्के पीले रंग में पेंट किया गया और इसके बाद भारतीय वायु सेना के पारंपरिक रंग 'ग्रे' की कोटिंग की गई है। पेंटिंग होने के बाद विमान के दोनों और हिंदी और अंग्रेजी में 'भारतीय वायु सेना' और 'इंडियन एयर फोर्स' लिखा गया है। कंपनी ने वीडियो में बताया है कि पहला विमान भारत को आपूर्ति करने के लिए तैयार हो चुका है। रक्षा मंत्रालय और स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के बीच पिछले साल 24 सितम्बर को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए गए थे। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने 08 सितम्बर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इसमें 40 विमान दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही बनाएगा।

एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन

# देश को 2047 तक नशामुक्त बनाना हमारा लक्ष्य : गृह मंत्री अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते अमित शाह। ● एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सभी के साझा प्रयास से हम देश को वर्ष 2047 तक नशामुक्त बनाएंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साझा प्रयास की जरूर है। हमें मिलकर इस संकल्प को पूरा करना है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स के दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी देश को खोखला कर देता है। हमें नशा के खिलाफ खड़ा होना है। नशा मुक्त भारत के इस अभियान को हमें जन-आंदोलन बनाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति विक्टिम है। असली गुनहगार नशा का व्यापारी है। इस व्यापार पर लगाम लगाना हमारी प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो लगातार काम कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि वर्ष 2014 से अभी तक पांच हजार से अधिक नशा कारोबार में लिप्त लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शाह ने कहा कि नशामुक्ति अभियान के तहत केन्द्र सरकार राज्यों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री को रोकने को लेकर गंभीर है। इस पहल को मजबूत बनाने को लेकर गृह मंत्री ने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रमुखों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।

## छात्रों पर लाठी चार्ज के विरोध में भाजयुमो ने फूंका सीएम का पुतला

**संवाददाता, खूंटी।**


पुतला जलाते कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव कर रहे छात्रों पर 17 अप्रैल को लाठीचार्ज किये जाने के विरोध में भाजयुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में कार्यकताओं ने बुधवार की शाम स्थानीय भगत सिंह चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका।

मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम ने कहा कि झामुमो सरकार तानाशाह के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे छात्रों और युवाओं को बुरी तरह से पीटा गया, इससे अंग्रेजी हुकूमत की याद ताजा हो गई है। झामुमो सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि सत्ता में आने पर हर वर्ष पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे, अन्यथा पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता मिलते ही झामुमो सरकार सारे वादे को भूल गयी। उन्होंने कहा कि वर्तमान झामुमो सरकार ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। भाजपा जिला महामंत्री विनोद नाग ने कहा कि जब भी युवा अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते है, तो उन्हें झामुमो सरकार द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। झारखंड में युवाओं के भविष्य को झामुमो सरकार समाप्त करने में लगी हुई है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि झामुमो सरकार 60/40 मामले में दोहरी नीति अपना रही है। झामुमो सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर भटकाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र-युवा अब समझ चुके हैं कि झामुमो सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि खूंटी जिला सहित पूरे झारखंड के युवा झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प ले चुके हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम को 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का लगाया गया बैज


सीएम से मुलाकात करते डीजी अनिल पालटा एवं एडीजी सुमन गुप्ता। ● द फोटोन न्यूज

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के पुलिस महानिदेशक अनिल पालटा एवं अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता ने मुलाकात कर उन्हें 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का बैज लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवा विभाग के कार्यों की जानकारी ली तथा अग्निकांडों से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को फोर्ट स्टीकेन जहाज में आग लगने पर राहत कार्य करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीरों की याद में हर वर्ष मनाया जाता है। मौके पर स्टेट फायर ऑफिसर जगजीवन राम, फायर स्टेशन ऑफिसर जितेंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने सीसीएल की परियोजनाओं में उत्पादन और प्रेषण में राज्य सरकार से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल ने 90 मिलियन टन कोयला उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है, उसमें भी सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिलने की उम्मीद जताई।

### डीजी और एडीजी ने राज्यपाल को अग्निशमन सेवा सप्ताह का बैज लगाया


राज्यपाल को बैज लगाते डीजी अनिल पालटा। ● द फोटोन न्यूज

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के डीजी अनिल पालटा और एडीजी सुमन गुप्ता ने भेंट कर उन्हें "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का बैज लगाया। मौके पर राज्यपाल ने अग्निशमन सेवा विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दी और अग्निशमन कोष में अपना योगदान दिया। उल्लेखनीय है कि अग्निशमन सेवा विभाग की ओर से 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है।

### राज्यपाल से एम्स के कार्यकारी निदेशक ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को देवघर एम्स के कार्यकारी निदेशक और सीईओ डॉ सौरभ वार्ष्णेय ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान निदेशक ने संस्थान में व्याप्त सुविधाओं और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

### मां कामाख्या कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल होगी : पीएम

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उम्मीद जताई कि काशी विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक कॉरिडोर की तरह मां कामाख्या कॉरिडोर भी एक ऐतिहासिक पहल होगी। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने एक एक ट्वीट में वीडियो साझा किया कि निकट भविष्य में पुनर्निर्मित मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा। असम के मुख्यमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया; मुझे यकीन है कि मां कामाख्या कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल होगी। जहां तक आध्यात्मिक अनुभव का संबंध है, काशी विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक परिवर्तनकारी रहे हैं। पर्यटन को बढ़ावा मिलना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलना उतना ही महत्वपूर्ण है।

### 'द्रमुक फाइलों' को लेकर डीएमके ने भाजपा के तमिलनाडु प्रदेशाध्यक्ष को भेजा कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली :** द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (डीएमके) ने भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई को कानूनी नोटिस भेजा है और उनसे हजार्ने के तौर पर 50 करोड़ रुपये तथा 48 घंटे के अंदर बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। अधिवक्ता और द्रमुक सांसद पी. विल्सन ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई को राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख एम. के. स्टालिन के खिलाफ भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाने तथा सत्तारूढ़ द्रमुक के शीर्ष नेताओं की संपत्ति का विवरण देने वाली 'द्रमुक फाइलों' की पहली सूची जारी करने को लेकर नोटिस भेजा है। अन्नामलाई ने 14 अप्रैल को द्रमुक नेताओं की फाइलें जारी की थी। द्रमुक के राज्य सभा सांसद पी विल्सन ने अन्नामलाई को यह नोटिस जारी किया है। नोटिस में उन्होंने मांग की कि अन्नामलाई को 14 अप्रैल, 2023 को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने भाषण एवं आरोपों के लिए बिना शर्त सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।इसके साथ ही उन्होंने अन्नामलाई के फेसबुक पेज सहित उनके सोशल मीडिया पेजों पर डाले गए उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के आपत्तिजनक वीडियो को तुरंत हटाने का आग्रह किया है।

### मुख्यमंत्री से मिला पूर्वी सिंहभूम का प्रतिनिधिमंडल

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को माझी परगना महाल, धार दिशोम, पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि जेसीईआरटी के निदेशों के तहत सरकारी विद्यालयों में कक्षा तीन से छह तक की गणित और पर्यावरण विज्ञान किताब का अनुवाद संताली भाषा की ओलचिकी लिपि में किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ओलचिकी लिपि में अनुवादित इस पुस्तक को पाठ्यक्रमों में शामिल करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से संथाली भाषा के टीचर्स की नियुक्ति और संताली अकादमी स्थापित करने की दिशा में कदम उठाने का भी आग्रह मुख्यमंत्री से किया। मौके पर संताली किताब निर्माण समिति के समन्वयक रजनी कांत मार्डी के द्वारा लिखित ₹धार दिशोम होड़ होपोन कोवाडा बापला₹ और ₹बोंगबुरु आर अरिचाली₹ पुस्तक मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट की। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में कक्षा 1 से 12 तक की संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि में प्रकाशित पुस्तकें भी उन्होंने मुख्यमंत्री को सौंपी। मौके पर घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, देश परगना धार दिशोम बैजू मुर्मू, माझी बाबा दुर्गा चरण मुर्मू, माझी बाबा रमेश मुर्मू , माझी बाबा दीपक मुर्मू , ऑल इंडिया संताली राइटर्स एसोसिएशन, झारखंड ब्रांच के अध्यक्ष मानिक हांसदा, संताली किताब निर्माण समिति के समन्वयक रजनीकांत मार्डी मौजूद थे।

## एससीओ के सदस्य-देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे गृह मंत्री अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य-देशों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान एससीओ के सदस्य-देशों के आपातकालीन स्थितियों की रोकथाम एवं उन्मूलन से संबंधित विभागों के प्रमुख मौजूद रहेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी।

गृह मंत्रालय के अनुसार शाह एससीओ की इस बैठक के दौरान एससीओ के कुछ सदस्य देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एससीओ में सक्रियता के साथ भाग लेता रहा है और इस मंच के विभिन्न तंत्रों को पर्याप्त समर्थन प्रदान करता रहा है। वर्ष 2017 में एक पूर्ण सदस्य देश के रूप में प्रवेश के बाद से भारत ने इस संगठन के साथ एक सक्रिय जुड़ाव बनाए रखा है। भारत एससीओ के सदस्य देशों, पर्यवेक्षकों और संवाद भागीदारों के पारस्परिक लाभ के प्रस्तावों को शुरू करने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

गृह मंत्रालय के अनुसार एससीओ के सदस्य-देशों के आपातकालीन स्थितियों की रोकथाम एवं उन्मूलन से संबंधित विभागों के प्रमुखों की बैठक के दौरान प्रतिनिधि अपने संबंधित क्षेत्रों में हुई व्यापक पैमाने वाली आपातकालीन स्थितियों और उन्हें संभालने के लिए किए गए उपायों से संबंधित जानकारियां साझा करेंगे। ये प्रतिनिधि एससीओ के ढांचे के भीतर आपातकालीन स्थितियों की रोकथाम एवं उन्मूलन के क्षेत्र में नवीन कार्यप्रणालियों, प्रौद्योगिकियों और भविष्य में सहयोग की संभावनाओं के बारे में भी अपने विचार साझा करेंगे। इन विचार-विमर्शों के आधार पर सदस्य-देश एससीओ के ढांचे के भीतर तैयारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया और प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं से उत्पन्न होने वाले प्रभाव को संयुक्त रूप से कम करने के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे।

# कदमा घटना की सीबीआई जांच के लिए राज्यपाल से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता, रांची।**


राज्यपाल से मुलाकात करते भाजपा प्रतिनिधिमंडल। ● द फोटोन न्यूज

जमशेदपुर स्थित कदमा के शास्त्रीनगर में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर प्रदेश भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी के नेतृत्व में बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की।

राज्यपाल से मिले प्रतिनिधिमंडल ने 8 और 9 अप्रैल को जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में सांप्रदायिक हिंसा के संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी दी और पूरे मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने की मांग की। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गिरफ्तार नेताओं को जल्द रिहा कराए जाने का भी आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदीप वर्मा सहित अन्य ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जमशेदपुर जिला प्रशासन ने रामनवमी के दौरान हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद एवं भाजपा के कार्यकताओं के विरुद्ध दुर्भावनावश एवं भेदभावपूर्ण कार्रवाई की गयी।

राजभवन से निकलने के बाद मीडिया से बात करते प्रदीप वर्मा ने बताया कि कदमा प्रकरण में राज्य सरकार और जिला प्रशासन की संदिग्ध भूमिका के बारे में राज्यपाल को पूरी जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना कदमा में हुई और जिस तरह से अपरिपक्व तरीके से जिला प्रशासन ने इसे हैंडल किया, वह निराश करने वाला रहा। इस घटनाक्रम में हिन्दू समाज के लोगों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से साजिश हुई, जिस समय घटना हुई, हिन्दू समाज के लोग वहां नहीं थे।

कदमा प्रकरण में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के स्तर से पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गयी थी। समिति ने अपने जांच रिपोर्ट से राज्यपाल को अवगत करा दिया है। उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल ने जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। जांच समिति के संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी थे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व आईजी लक्ष्मण सिंह, जमशेदपुर के अध्यक्ष गुंजन यादव, अनिल मोदी, राकेश सिंह, लक्ष्मण टुडू, संजीव सिन्हा और राजेश सिंह शामिल थे।

# युवाओं की आवाज दबाने के बजाय वादे निभाए सरकार : सुदेश महतो

**संवाददाता, रांची।**


बैठक करते सुदेश महतो व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि युवाओं की आवाज दबाने की बजाय सरकार वादे निभाए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जितनी मशक्कत युवाओं की आवाज और वाजिब हक दबाने के लिए कर रही, उतनी मशक्कत सही नीति बनाने, नौकरी और रोजगार देने के लिए करती तो ये नौबत नहीं आती। सरकार वादे निभाने में नाकाम रही है। उसकी दोषपूर्ण नीति और नीयत के कारण युवा सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। महतो रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता बोल रहे थे।

इससे पहले उन्होंने विधानसभा प्रभारियों के साथ राज्य में राजनीतिक और सामाजिक हालात पर चर्चा के साथ पार्टी के कार्यक्रमों की सफलता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नीयत नेक हो तो नीतियां सही बनती हैं। लेकिन राज्य सरकार की नीयत उजागर है। सवा तीन साल में ही सरकार ने हर वर्ग को निराश किया है। सबसे ज्यादा युवा वर्ग छला गया है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देर सही कांग्रेस ने जातीय जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस इस मांग के अनुरूप जातीय जनगणना कराने की सीधी और शीघ्र पहल करे। उन्होंने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों में वहां की राज्य सरकारें जातीय जनगणना करा रही हैं। जबकि झारखंड में राज्य सरकार जातीय जनगणना कराये, इसके लिए हमने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है।अलग-अलग मंचों से हम और हमारी पार्टी लगातार यह मांग उठाती रही है।

### 30 अप्रैल को राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च रांची में

सुदेश ने बताया कि विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अप्रैल को रांची में आजसू पार्टी राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च निकालेगी। पहले यह कार्यक्रम 23 अप्रैल को होना था। सामाजिक न्याय मार्च की तैयारियों को लेकर सभी विधानसभा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए हैं।

मुख्यमंत्री से फिल्म अभिनेत्री व निर्माता नीतू चंद्रा ने की शिष्टाचार मुलाकात

# राज्य में फिल्मों के निर्माण के लिए सीएम ने नीतू चंद्रा को दिया सहयोग का भरोसा

**संवाददाता, रांची।**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को अभिनेत्री और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म निमार्ता नीतू चंद्रा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस भेंट में नीतू ने फिल्मों के माध्यम से झारखंड के स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने और यहां के खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्मों की शूटिंग करने और स्थानीय कलाकारों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की इच्छा जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड में फिल्मों के जरिए यहां के अलग-अलग व्यवसायों को प्रमोट करने की काफी संभावनाएं हैं और इस क्षेत्र में पूरा सहयोग करने को तैयार हूं।

### झारखंड-बिहार की पृष्ठभूमि पर बनाती रहीं फिल्में

मुख्यमंत्री को नीतू चंद्रा ने बताया कि वह राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म निमार्ता नितिन एन चंद्रा के साथ मिलकर पिछले 12 वर्षों से झारखंड-बिहार की पृष्ठभूमि पर और यहां के अलग-अलग लोकेशंस पर फिल्म बनाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में अब झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं में स्थानीय कलाकारों के साथ फिल्म बनाने की योजना है, जो अंग्रेजी सबटाइटल के साथ होगी। ताकि यहां की कला -संस्कृति, परंपरा और अन्य विधाओं को देश-दुनिया के सामने दिखाया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया है।

गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने बिहु महोत्सव पर फहराया विशाल तिरंगा

# राष्ट्र सेवा की प्रेरणा के लिए रोज फहराएं तिरंगा : नवीन जिन्दल

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**


झंडे को सलामी देते जवान। ● द फोटोन न्यूज

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि भारतवासी राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा लेने के लिए रोज तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा है कि तिरंगा लैपल पिन, रिस्ट बैंड के माध्यम से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है।

श्री जिन्दल का यह संदेश बिहु महोत्सव के शुभ अवसर पर असम की राजधानी गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन में विशाल ध्वज फहराए जाने के उपलक्ष्य में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनरल अशीम कोहली (रि.) ने पढ़े। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रबंधन की पढ़ाई के दौरान नवीन जिन्दल को प्रेरणा मिली कि राष्ट्रीय ध्वज रोज फहराने से देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है।

अमेरिका में रहते हुए ही उन्होंने प्रतिदिन तिरंगा फहराना शुरू कर दिया। वहां से भारत लौटकर उन्होंने रायगढ़ में अपनी फैक्ट्री का कामकाज संभाला और नियमित रूप से तिरंगा फहराना चाहा तो प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उसके बाद श्री जिन्दल ने 10 साल कानूनी लड़ाई लड़ी और 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें प्रतिदिन पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना भारतवासियों का मौलिक अधिकार बन गया। इसके अलावा सांसद के रूप में नवीन जिन्दल ने नेशनल ऑनर एक्ट-1971 में संशोधन कराने की पहल 2005 में की और जिसके परिणामस्वरूप हमें प्रतिदिन कमर के ऊपर तिरंगा धारण करने का अधिकार मिला। इसी तरह केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद हरियाणा के कैथल में 2009 में फ्लैग फाउंडेशन ने पहला 207 फुट ऊंचा विशाल ध्वज फहराया। श्री कोहली ने कहा कि अभी भी 95 प्रतिशत देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में पर्याप्त ज्ञान नहीं है कि इसका कपड़ा क्या हो और इसे कब फहराया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा झंडा 3.2 आकार में खादी, सिल्क, सूती या पॉलियेस्टर, किसी भी सामग्री का हो सकता है और आजादी के 75वें महोत्सव पर सरकार के फैसले के अनुसार हम अब दिन-रात तिरंगा फहरा सकते हैं।

गुवाहाटी मिलिटरी स्टेशन पर फहराया गया यह झंडा फ्लैग फाउंडेशन की ओर से लोकार्पित 107वां विशाल ध्वज है। हालांकि नवीन जिन्दल की पहल से प्रेरणा लेकर 700 से अधिक विशाल ध्वज देशभर में लगाए जा चुके हैं, जो दुनिया के किसी भी देश में लगाए गए झंडों की संख्या से अधिक है। अपनी स्थापना के बाद से ही फाउंडेशन देशवासियों को ॑हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा॒ के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है। यह झंडा अब देश की जनता का है। गुवाहाटी में आयोजित तिरंगा स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीओसी इन सी (ईस्टर्न कमांड) लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता थे।

# सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों को भरने के मामले में हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिव को बनाया प्रतिवादी

## 12 सवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर याचिका पर हुई सुनवाई



**विशेष संवाददाता, रांची।**

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को मामले में प्रतिवादी बनाया है। साथ ही विधानसभा सचिव को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 3 मई निर्धारित की है। खंडपीठ ने विधानसभा में विपक्ष के नेता के रिक्त पद के संबंध में मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि इस पद को लेकर विधानसभा स्पीकर द्वारा डिसक्वालीफिकेशन (बाबूलाल मरांडी) के इश्यू को क्यों नहीं डिसाइड किया जा रहा है? राजकुमार की अवमानना याचिका में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विपक्ष के नेता के पद के रिक्त रहने से कोई समस्या नहीं है। कानून में ऐसा प्रावधान है कि अगर विपक्ष के नेता नहीं है तो विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को कमेटी में रखकर राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्त एवं अन्य पदों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2020 में हाईकोर्ट ने सूचना आयुक्तों कि नियुक्ति से संबंधित एक याचिका को राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद निष्पादित कर दिया था। उस समय सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देते हुए कहा गया था कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति जल्द कर ली जाएगी। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं होने पर वर्ष 2021 में प्रार्थी राजकुमार ने अवमानना याचिका दाखिल की है। बता दें कि राजकुमार की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2020 में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति कर लेने का अंडरटेकिंग दिया था लेकिन अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है।

### लैंड स्कैम मामला: सातों आरोपियों की रिमांड अवधि पांच दिन बढ़ी

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन की खरीद बिक्री के आरोपियों की रिमांड अवधि पूरी होने पर सभी को बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत से ईडी की ओर से दोबारा पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत मांगी गई। कोर्ट ने ईडी के इजाजत को स्वीकार कर लिया और पांच दिनों के रिमांड अवधि बढ़ा दी। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना की जमीन की खरीद बिक्री के मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

## विधायक सरयू राय की पीआईएल पर कोर्ट ने सरकार से पूछा खनन कर रखे लौह अयस्क के निष्पादन की क्या है प्रक्रिया

**रांची :** सारंडा के जंगल में आयरन ओर (लौह अयस्क) के खनन एवं उसके ट्रांसपोर्टेशन होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर विधायक सरयू राय की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है की माइनिंग गतिविधियों के कारण सारंडा के जंगल में जो लाखों टन आयरन ओर बचे हैं उसे निष्पादित करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है । मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की । प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि फिलहाल सारंडा के जंगल में माइनिंग गतिविधि रुका हुआ है लेकिन पहले से वहां जो लाखों टन आयरन ओर निकाले गए हैं वह पड़ा हुआ है, जिससे वहां प्रदूषण की समस्या अभी भी बनी हुई है। बता दें कि सारंडा के जंगल में पर्यावरण के संरक्षण को लेकर सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। वर्ष 2012 में सरयू राय की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। जिसके बाद हाई कोर्ट ने कई सुनवाई में मामले में दिशा झ निर्देश दिए थे इसके बाद सारंडा क्षेत्र में चल रहे माइनिंग गतिविधियों पर रोक लगी है।

## वीरेंद्र राम-रास बिहारी सिंह मामला: ईडी व एसीबी को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। मामले में खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर ईडी और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून को होगी। इस संबंध में पंकज यादव ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। 12 जनवरी को आयकर विभाग ने जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी, जहां आयकर विभाग को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात, सोने के आभूषण, निवेश के पेपर समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से समय की मांग की गई। कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को चार सप्ताह का समय देते हुए स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

## प्रार्थी बताएं कैसे रतन हाइट्स की संरचना सुरक्षित रहे : कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने बुधवार को रतन हाइट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता से पूछा है कि वे सक्षम सिविल इंजीनियर से मंतव्य लेकर बताएं कि कैसे रतन हाइट्स की संरचना सुरक्षित रहे, इसके लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 25 अपने निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा, सुमित गड़ोदिया ने पक्ष रखा। पूर्व की सुनवाई के दौरान मेकॉन की ओर से रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में कोर्ट के समक्ष रिपोर्ट पेश किया गया था। रिपोर्ट में मेकॉन की ओर से कहा गया है कि यह रिटेनिंग वॉल असुरक्षित है और अंडर कंस्ट्रक्शन है। सुनवाई के दौरान रतन हाइट्स के निवासियों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिटेनिंग वॉल नहीं बन रहा है, बेसमेंट बनाया जा रहा है।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के भाई सहित 13 लोगों पर आरोप गठित

**रांची :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के भाई सहित 13 आरोपियों पर एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में बुधवार को आरोप गठित किया गया। अदालत ने आरोपियों पर लगे आरोप को पढ़कर सुनाया। आरोपियों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को गलत बताया। आरोपियों में सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, अनिल शर्मा , आनंद पारीख, सिद्धार्थ साहू, अमन श्रीवास्तव का भाई अभिक श्रीवास्तव, उसका बहनोई चंद्रप्रकाश राणू, विनोद कुमार पांडेय, जहीर अंसारी, असलम अंसारी, फिरोज खान, संदीप प्रसाद और कुमार शिवेंद्र उर्फ शिव शर्मा का नाम शामिल है। इससे पूर्व मामले में अमन श्रीवास्तव का भाई अभिक श्रीवास्तव ने अदालत में डिस्चार्ज याचिका दाखिल किया था। उस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने 13 अप्रैल को आदेश सुरक्षित रखते हुए फैसला की तिथि 18 अप्रैल को तय की थी, मंगलवार को अभिक श्रीवास्तव का डिस्चार्ज याचिका अदालत ने खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के रंगदारी का रुपया हवाला के माध्यम से विभिन्न जगह निवेश करने के आरोप में आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) की टीम ने अमन श्रीवास्तव गिरोह के 13 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजीव और अमित पर आरोप गठन 27 अप्रैल को

### दोनों की डिस्चार्ज पिटिशन को ईडी कोर्ट ने किया था खारिज

**रांची :** मनी लाउंड्रिंग मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के आरोप गठन पर 27 अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में बुधवार को अधिवक्ता राजीव कुमार अदालत में हाजिर हुए लेकिन किसी कारण से अमित अग्रवाल हाजिर नहीं हो सके। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की अगली सुनवाई की तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की। इससे पूर्व छह अप्रैल को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटिशन को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब मामले में आरोप गठन की कार्रवाई होनी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। कोलकाता पुलिस बीते 31 जुलाई को लगभग 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया था। अमित अग्रवाल और राजीव कुमार फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर है।

## 300 मेगावाट बिजली के बाद भी लोड शेडिंग जारी

### एक माह पहले 275-280 मेगावाट मिलती थी बिजली

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राजधानी में बुधवार को भी लोड शेडिंग के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल सकी। सुबह से रात भर बिजली का आना-जाना लगा रहा। राजधानी में पीक आवर सुबह 8 से 10 बजे और शाम 6 से 10 बजे तक राजधानी में 300 मेगावाट बिजली दी गई। इसके बाद भी बिजली का आना-जाना दिनभर लगा रहा। बिजली विभाग के अनुसार एक माह पहले राजधानी में 270-275 मेगावाट बिजली दी जा रही थी, इसके बाद अब 300 मेगावाट बिजली सप्लाई की जा रही है। इसके बाद भी बिजली लोगों को नही मिल पा रही है। 330 मेगावाट बिजली के बाद ही पीक आवर में 24 घंटे बिजली संभव है। वहीं बुधवार को कोकर सबस्टेशन से पीक आवर में भी 17 मेगावाट की जगह पर मात्र 11 मेगावाट ही बिजली पूरे क्षेत्र में सप्लाई की गई। बिजली नहीं होने के कारण दिनभर लोग उमंस भरी गर्मी से छटपटाते नजर आयें। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से संपर्क करने की कैशिश किया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारी फोन उठाने से कतराते नजर आएं। इसके साथ ही बिजली कटौती जारी रही। इलाही बख्श कालोनी के जुबेर आलम ने बताया कि कोकर सब डिवीजन में बिजली जाने के बाद तीन बार फोन घुमाया पर कोई फोन उठाने वाला नहीं है। चुटिया से अमर कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के लोग फोन उठाने में कतराते है। गर्मी में बिजली नहीं होने के कारण लोग परेशान हैं। राजधानी में अप्रैल के माह में जब बिजली कटौती से लोग परेशान हैं, तो मई और जून में बिजली काफी कम मिलेगी, यह मानकर चलना पड़ेगा।

**इन क्षेत्रों में पावर कट जारी रहा**

राजधानी के कडरू, चुटिया, केतारी बगान, बरियातू, मोरहाबादी, रातू रोड़, हरमू, नामकुम में दिनभर बिजली का आना-जाना लगा रहा। विभाग के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के साथ-साथ एक वर्षो में नये उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ है।

## राज्य के 11 जिलों में आज तक हीट वेव का रहेगा असर, रांची का तापमान 40 के पार

### रांची में 40.2 डिग्री व गोड्डा में तापमान 44.9 डिग्री के पार, येलो अलर्ट जारी

**वरीय संवाददाता, रांची।**

पूरे राज्य में गर्मी की तपिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। चिलचिलाती धूप की वजह से लोग अपने घरों में ही सिमटे रह जा रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों और सूरज की तपिश के कारण झारखंड की धरती तप रही है। लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तपिश का आलम यह है कि गोड्डा जिले में तापमान 44.9 डिग्री के पार पहुंचा गया है, जो झारखंड का सर्वाधिक है। राजधानी रांची में भी सूरज आग उगल रहा है और इस गर्मी का सर्वाधिक 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि गोड्डा में तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया। तो वहीं 11 जिलों में 20 अप्रैल तक हीट वेव का असर कायम रहने का पूवार्नुमान है। हालांकि इसी बीच राहत भरी खबर यह है कि 20 अप्रैल को राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, दक्षिणी व निकटवर्ती मध्य भाग यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावे रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, गुमला, हजारीबाग में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इन जिलों में कहीं कहीं हीट वेव का स्पष्ट असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह भी बताया गया कि इन जिलों में ऐसी स्थिति 23 अप्रैल तक बनी रहेगी। बादल संघनन की प्रक्रिया होते ही वर्षा का भी अनुमान है। मौसम विभाग के विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो 20 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। राज्य के पलामू, गढ़वा , चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिलों में कहीं कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। साथ ही रांची, गुमला, हजारीबाग जिलों में कहीं कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। प्रचंड गर्मी से मनुष्य के साथ साथ पशु भी बेहाल एवं परेशान है।

### रांची विश्वविद्यालय का नाट्य महोत्सव स्वामी विवेकानंद सभागार में धूम-धाम से संपन्न

## 'ययाति' को प्रथम और 'नहले पे दहला' को दूसरा स्थान

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मारवाड़ी महाविद्यालय के तत्वावधान में रांची विश्वविद्यालय का नाट्य महोत्सव स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को धूम धाम से संपन्न हुआ। दो दिवसीय नाट्य महोत्सव में कुल छह नाटकों का निबंधन हुआ था लेकिन रामलखन सिंह यादव कॉलेज के नाट्य कलाकारों में कुछ की तबीयत खराब हो जाने के कारण वहां के नाटक तौलिए का मंचन नहीं हो सका। शेष नाटकों में परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग, रांची विश्वविद्यालय के दो नाटकों में क्रमशः रंगकर्म और जुलूस मंचित हुए। संत जेवियर कॉलेज रांची का नाटक उलगुलान, डोरंडा कॉलेज का नाटक ययाति और मारवाड़ी महाविद्यालय का नाटक नहले पे दहला का शानदार मंचन हुआ।

प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि यह कोई प्रतियोगिता नहीं थी। यह एक महोत्सव था फिर भी कलाकारों को नाट्य कला के प्रति रूझान बढ़े इसलिए श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर डोरंडा कॉलेज के नाटक ययाति को प्रथम, मारवाड़ी महाविद्यालय के हास्य नाटक नहले पे दहला को द्वितीय और संतजेवियर्स कॉलेज के नाटक उलगुलान को तृतीय स्थान पर निर्णायक मंडल ने रखा। सभी नाट्य प्रतिभागियों को सहभागिता प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले नाटकों को स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिये गये।

निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ अनिकेत भारद्वाज, डॉ कमल बोस और राकेश रमण थे। निर्णायक मंडल ने कहा कि आज नाट्यकला के प्रदर्शन के परेशानियों के कारण नाट्य प्रदर्शन कम हो रहे हैं। ऐसे में रांची विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार और नाट्य महोत्सव के संयोजक डॉ॰ सुशील कुमार अंकन की ओर से ऐसे आयोजन करना सूखी जमीन पर शीतल बारिश की बूंदों की तरह सुखद है।




रांची विश्वविद्यालय के नाट्य महोत्सव में नाट्य कला प्रस्तुत करते कलाकार ● फोटोन न्यूज

## दिसंबर तक तैयार हो जाएगा कांटाटोली फ्लाईओवर, 43 में 38 पियर का काम पूरा

**वरीय संवाददाता, रांची।**

कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण काफी तेजी से हो रहा है। अधिकारियों की माने तो दिसंबर तक काम पूरा हो जाएगा। मालूम हो की जुडको ने अहमदाबाद की डीआरए कंपनी को निर्माण का काम सौंपा है। 2.4 किलोमीटर के फ्लाईओवर में 43 पीयर लगाए जाने है। 43 पीयर में से 38 पीयर का काम पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 65 पाईलिंग का काम भी पूरा हो चुका है। 2.4 किलोमीटर के फ्लाईओवर को 486 सेगमेंट जोड़कर बनाया जाना है। इसके लिए भी सेगमेंट कास्टिंग का काम शुरू हो चुका है। योगदा सत्संग से पेट्रोल पंप तक अतिक्रमण हटाया जा चुका है। जिसके बाद से भी निर्माण कार्य में तेजी आया है। 24 मार्च तक कंप्लीशन डेट रखा गया है लेकिन अधिकारियों का कहना हैं की दिसंबर तक काम पूरा हो जाएगा।

कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण हो जाने से शहरवासियों को जाम से बड़ी राहत मिल जाएगी। तत्काल में निर्माण के कारण स्टेशन रोड से लेकर कांटाटोली चौक तक लोगों को घंटो जाम में फंसना पड़ता है। कांटाटोली चौक से गढ़ा टोली की ओर सर्विस लेन का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। सड़क के दोनों किनारे पर सर्विस लेन का निर्माण हो रहा है। गौरतलब हो की कंपनी सर्विस लेन का काम जल्द से जल्द पूरा करना चाहती हैं। सर्विस लेन का काम पूरा हो जाने से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं कंपनी भी बीच का रास्ता बंद करके निर्माण कार्य में तेजी लाएगी।

### ब्रीफ न्यूज

### ईद को लेकर डोरंडा थाना में शांति समिति की बैठक

**रांची :** शहर में ईद को देखते हुए डेलीमार्केट थाना में गुरुवार को शांति समिति की बैठक होगी। थाना प्रभारी ने शांति समिति में शामिल सभी लोगों को बैठक में आने का आग्रह किया है। पुलिस का कहना है कि सभी लोगों से शांतिपूर्वक और आपसी भाईचारा के साथ ईद मनाएं। पुलिस ईद को लेकर सर्तक है। सोशल मीडिया में किसी भी तरह का अफवाह फैले तो उसे बचे। कोई भी सूचना लेनी हो तो वह 100 डायल पर ले सकते हैं। डेलीमार्केट इलाके में रहने वाले लोगों की जो समस्या होगी वह सुनी जाएगी और उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### खो-खो एसोसिएशन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता

**रांची :** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन ने झारखंड राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर लीची बागान प्रांगण सेक्टर-2 धुर्वा रांची में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अवसर पर भाजपा नेता अनिल कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर लगातार खेल एव खिलाड़ियो को प्रोस्ताहित करने का काम कर रही है। खिलाड़ियों का सम्मान देने से खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ता है। झारखंड खिलाड़ियों का गढ़ रहा है। मौके पर वरिष्ठ खिलाड़ी विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, सरिता कुमारी, सौम्या सेजल वर्मा प्रीति रानी आदि उपस्थित थे।

### सेल कर्मियों को आग से बचाव की दी गई जानकारी

**रांची :** सेल सुरक्षा संगठन की ओर से सेल में अग्नि सेवा सप्ताह (14-20 अप्रैल) मनाया जा रहा है। झारखंड अग्निशमन सेवा रांची के सहयोग से अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेल के इस्पात भवन प्रांगण में किया गया। अभिषेक कुमार सिंह, लीडिंग फायरमैन एवं झारखंड अग्निशमन सेवा की टीम ने अग्नि से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी एवं अग्नि सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग एवं संचालन की विधि से भी सेल कर्मियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (एसएसओ) आशीष चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) शशि वशिष्ठ, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस जे जाचुक, सेल इकाई रांची सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

### आईआईएम का 11वां कन्वोकेशन 22 को

**रांची :** भारतीय प्रबन्धन संस्थान (आईआईएम) का 11वां कन्वोकेशन 22 अप्रैल को होगा। इसमें सत्र 2020-22 के एमबीए, एमबीए एचआर, एग्जिक्यूटिव एमबीए,पीएचडी और एग्जिक्यूटिव पीएचडी के कुल 352 छात्रों को डिग्री दी जाएगी। इसमें एमबीए प्रोग्राम के 254 छात्र, एमबीए एचआर 72,एग्जिक्यूटिव एमबीए के 23, पीएचडी की एक और एग्जिक्यूटिव पीएचडी के दो छात्र शामिल होंगे। एमबीए, एमबीए एचआर एवं एग्जिक्यूटिव एमबीए के नौ टॉपरों को मेडल दिया जाएगा। फर्स्ट रैंक वाले छात्र को बीओजी चेयरमैन मेडल, सेकंड रैंक वाले छात्र को डायरेक्टर्स मेडल और थर्ड रैंक वाले को प्रोग्राम चेयर पर्सन मेडल से नवाजा जाएगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विशिष्ट अतिथि आनंद कृपालु होंगे।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

भुरकुंडा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, सयाल में चलाया छापामारी अभियान

# 15 लाख रुपये की अवैध शराब जब्त

**संवाददाता, भुरकुंडा (रामगढ़)।**


जब्त अवैध शराब एवं पत्रकारों को जानकारी देते पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

भुरकुंडा पुलिस ने बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात्रि सयाल, आजाद रोड स्थित सीसीएल के एक बंद क्वार्टर से 185 पेटी इम्पीरियल ब्लू (375 एमएल) का अवैध शराब जब्त किया है। मामले को ले बुधवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। इसमें पत्रकारों को जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चैधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर को अवैध रूप से कब्जा करके किसी व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब स्टॉक किया जा रहा है। रामगढ़ एसपी के आदेश पर छापामारी दल का गठन किया गया।

इसके बाद पुलिस ने बीती रात्रि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर में छापामारी अभियान चलाया। जिसमें उस क्वार्टर के दो कमरों से एक सौ पचासी (185) पेटियों से इम्पीरियल ब्लू की 4 हजार 440 (हाल्फ बोतल) की अवैध शराब बरामद किया गया। जब्त पेटियों को सुरिक्षत ओपी लाकर रखा गया है। जब्त अवैध शराब की कीमत लगभग 15 लाख 9 हजार 600 रूपया बताया जा रहा है। एसडीपीओ श्री चैधरी ने बताया कि शराब की सभी बोतले डुप्लीकेट प्रतीत हो रही है। यह जांच का विषय है। शराब की अवैध स्टॉकिंग एवं बिक्री करने के आरोप नामित एवं अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।

उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, गिरफ्तारी के बाद ही मामले का उद्भेदन होगा इसमें कौन-कौन शामिल थें। छापामरी दल में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी के एसआई अक्षय कुमार, एसआई रामसरीख तिवारी, एसआई मयंक प्रसाद, कुंदन राव, एएसआई सामंत दास, एएसआई रामप्रवेश शर्मा, एएसआई पुरन सिंह आदि शामिल थें।

### दो लोगों के पकड़े जाने की है चर्चा

सूत्रों की माने तो पुलिस ने छापामारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। लेकिन पुलिस किसी के गिरफ्तारी करने की बात से इंकार करती रही। कयास लगाया जा रहा शराब के इस अवैध कारोबारियों के बड़े रैकेट का पर्दा फाश हो सके इसी को लेकर पुलिस आगे कुछ भी बताने से इंकार करती रही। अब देखना लाजमी होगा कि इस अवैध कारोबोरियो को पुलिस कब गिरफ्तार कर पूरे मामले का उद्भेदन करती है।

अवैध शराब के बोतले के जांच के दौरान पाया गया कि इम्पीरियल ब्लू हाल्फ के बोतल के सिल्वर कलर स्टीकर में झारखण्ड नहीं बल्कि सेल फोर चंडीगढ़ लिखा हुआ था। इतना ही नहीं झारखंड में जहां 375 एमएल बोतल में 340 प्रिंट लिखा रहता वहीं जब्त अवैध शराब की बोतल में 220 का मार्का चिपका हुआ पाया गया।

### अवैध शराब के कारोबारी जल्द होंगे गिरफ्तार : एसडीपीओ

पतरातू एसडीवीओ डॉ. बीरेंद्र कुमारी चैधरी ने का कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जायेगी। किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले का उद्भेदन लगभग कर चुकी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# धनबाद : नियोजन नीति को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

**संवाददाता, धनबाद।**


सड़क पर बंद कराते छात्र। ● द फोटोन न्यूज

नियोजन नीति में 60/40 के खिलाफ और 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति की मांग को लेकर बुधवार को अलग अलग छात्र संगठनों ने धनबाद की सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया। छात्र संगठनों ने कई जगहों पर बांस-बल्ली तो कही सड़कों पर टायर जलाकर सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। बंद का ज्यादा असर धनबाद-रांची मुख्य मार्ग पर देखने को मिला। धनबाद से चलने वाली लंबी दूरी की बसें स्टैंड में ही खड़ी रही।

इससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही धनबाद के विभिन्न स्कूलों में चलने वाली वाहने भी आज नहीं चली। इससे स्कूली छात्रों को भी खासा परेशान देखा गया। वहीं बंद को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से धनबाद की सड़कों पर अतिरिक्त पुलिस बलों को नियुक्त किया गया था, जिस वजह से बंद का ज्यादा देर तक असर नहीं दिखा। जल्द ही स्थिति सामान्य होने लगी।

कृषि एवं संबद्ध कार्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

# अधिकारियों को दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश

**संवाददाता, रामगढ़।**


समीक्षा बैठक करते उप विकास आयुक्त व उपस्थित अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बुधवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ श्री नागेंद्र कुमार सिंहा ने अपने कार्यालय कक्ष में कृषि एवं संबद्ध कार्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम श्री सिंहा ने जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला गव्य विकास पदाधिकारी को भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देने का निर्देश दिया।

जिला मत्स्य कार्यालय की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिला मत्स्य पदाधिकारी से मत्स्य विभाग के तहत चल रहे योजनाओं की जानकारी ली एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने वेदव्यास आवास योजना के तहत लाभान्वित हुए लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जिला उद्यान कार्यालय की समीक्षा के क्रम में श्री सिन्हा ने जिला उद्यान पदाधिकारी को सब्जी, फल, फूल एवं मशरूम आदि की खेती हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित करने एवं प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उन्होंने एलडीएम रामगढ़ एवं परियोजना निदेशक आत्मा को ज्यादा से ज्यादा लोगों को केसीसी एवं पीएमईजीपी का लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कर्रा और तोरपा में किया किसान पाठशाला का निरीक्षण, कहा

# आनेवाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**संवाददाता, खूंटी।**


कर्रा किसान पाठशाला का निरीक्षण करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

उपायुक्त शशि रंजन और उप विकास आयुक्त ने तोरपा और कर्रा प्रखंड में ग्रामीणों को उन्नत कृषि गतिविधियों को लेकर जागरूक किया। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि गतिविधियों एवं उन्नत कृषि प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से तोरपा प्रखंड के दियांकेल में विकसित की जा रही किसान पाठशाला का भी अवलोकन किया।

उपायुक्त ने बताया कि उन्नत खेती व वैज्ञानिक कृषि गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से तोरपा प्रखंड के दियांकेल में किसान पाठशाला विकसित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 27 और 28 अप्रैल को मिलेट्स मिशन की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी खूंटी जिले में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कर्रा पार्क राज्य भर में उदाहरण बन रहा है, उसी प्रकार हर प्रखंड में किसान पाठशाला के माध्यम से सीधे तौर पर किसान लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने समेकित आजीविका प्रणाली के विकास को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी के क्षेत्र में किसानों को जोड़कर उनकी आय वृद्धि का लक्ष्य है।

उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में हमें दिग्भ्रमित विचारों से निकलकर जागरूक होने की आवश्यकता है। आनेवाली पीढ़ी को सुरक्षित व स्वस्थ रखने के लिए हमें अपने स्तर से प्रयास करने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में सिकल सेल का प्रभाव अधिक देखा जा रहा है। इसके लिए आवश्यक है सिकल सेल अनीमिया की उचित जांच व मैपिंग की। जिले में 50 बेड का डे केयर सेंटर बनाया जाएगा। इसमें ससमय लोगों का उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। डीसी ने कहा कि लोगों को सिकल सेल की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। आवश्यकता है बीमारी के संबंध में सीखने और इसके बचाव को लेकर अपने क्षेत्र के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आगामी 25 अप्रैल को सिकल सेल अनिमिया जागरुकता शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग आकर जांच कराएं और समुदाय स्तर सिकल सेल अनीमिया की पहचान की जा सकेगी।

प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक कक्ष का हुआ उद्घाटन

# लोगों की समस्याओं का समाधान कराना ही रहेगा हमारा मुख्य उद्देश्य : सुनीता चौधरी


फीता काटकर विधायक कक्ष का उद्घाटन करती सुनीता चौधरी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रजरप्पा।**

चितरपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में विधायक कक्ष का उदघाटन विधायक सुनीता चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विधायक कक्ष का उदघाटन किया गया है। विधायक प्रतिनिधि और आजसू पार्टी के प्रखंड स्तर से लेकर साधारण कार्यकर्ता आम जनता की समस्या को मुझ तक पहुंचाने के लिए इस कक्ष में हमेशा मौजुद रहेगें।

समस्याओं को पहली प्राथमिकता के साथ समाधान कराए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए उनके घर के दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं। लोगों की समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। विधायक ने ब्लॉक के अधिकारियों को क्षेत्र के लोगों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा। इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया।

मौके पर सीओ मंजू कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो, ब्रह्मनंद पाठक, पंचायत सेवक नेमचंद करमाली, रविंद्र महतो, आजसू के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, मुखिया अरविंद कुमार सिंह, भानुप्रकाश महतो, अशोक राम बेदिया, सतीश महतो, ओमप्रकाश चौधरी, सुराली महतो, देवंती देवी, टूशील देवी, संतोष कुमार महतो, अनुराग भारद्वाज, सुबिन तिवारी, प्रयाग मांझी, शम्भू कुमार, महेंद्र महतो, सतीश मुंडा, मुन्निलाल साव, लखन महतो, आकाश कुमार, देवेश कुमार बादल, सागर कुशवाहा, जगनाथ बेदिया, दिवाकर महतो, घनश्याम महतो आदि भाजपा एवं आजसू कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

गर्मी के दस्तक देते ही बढ़ी देसी फ्रीज की मांग, लोग जमकर कर रहे घड़े व सुराही की खरीददारी

# 50 रुपये से लेकर 150 रुपये की दर से बिक रहा घड़ा

**संवाददाता, लोहरदगा।**


घड़ा बेचता कुम्हार। ● द फोटोन न्यूज

वक्त के साथ बहुत कुछ बदला लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं, जो आज भी नहीं बदले हैं। गर्मी के दस्तक देने के साथ ही मिट्टी के घड़े की मांग बढ गयी है। इस बार अन्य वर्षों की अपेक्षा गर्मी ज्यादा परेशान कर रही है। अप्रैल के महीने में ही लोग परेशान हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए तरह तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं लेकिन पानी के लिए अभी भी लोगों की पहली पसंद मिट्टी के घड़े ही हैं।

पिछले कुछ दिनों से अचानक बढ़ी गर्मी तथा चिलचिलाती धूप से क्या आम और क्या खास सभी लोग परेशान हैं। सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक चिलचिलाती धूप और गर्मी का आलम यह है कि सड़कों पर लोगों का आवागमन न के बराबर देखा जा रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पानी की जुगाड़ करते दिख रहे हैं।

एक ओर सम्पन्न लोग फ्रिज का इस्तेमाल कर रहें हैं तो वहीं दूसरी ओर सामान्य वर्ग के लोगों के लिए मिट्टी के बने घड़े की मांग अधिक है। बाजारों में मिट्टी के घड़े की बिक्री में तेजी आई है। बाजारों में घड़ा और सुराही की मांग बढ गई है। कुम्हार छोटे बड़े साइज का घड़ा और सुराही बनाने में जुट गए हैं।

बाजार में 50 से लेकर डेढ़ सौ रुपए में घडा की बिक्री की जा रही है। हरिओम प्रजापति ने बताया कि एक घड़ा 50 से डेढ़ सौ रुपये में बिक्री की जाती है। फ्रिज एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बाजार में अत्यधिक मांग के कारण घड़ों की मांग कम हुई है,लेकिन अभी भी लोगों की पहली पसंद मिट्टी का घडा ही है। बाजारों में दिन भर में कुम्हारों द्वारा 05 से लेकर 10 घड़ा की बिक्री कर पाते हैं।

वहीं कुम्हारों को घड़ा निर्माण में भी काफी मेहनत करनी पड़ती है। 05 घड़ा बनाने में दो दिन का समय लगता है। जबकी एक घड़ा निर्माण करने में 45 से 50 रुपए की लागत होती है।घड़ा बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। कुम्हारों के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं होने के कारण कुम्हार अपना पुश्तैनी धंधा नहीं छोड़ पा रहे हैं एवं कार्य में लगे हुए हैं। हरीओम ने बताया कि अब पर्याप्त मात्रा में मिट्टी भी नहीं मिल पा रही है, जिससे कारोबार को लेकर उत्साह कम होता जा रहा है। लेकिन जो संतुष्टि घडा का पानी पीने में है वह संतुष्टि फ्रिज के पानी में नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### मवेशी को नहलाने गये वृद्ध की डैम में डूबने से मौत

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के नंदनी डैम में डूबने से एक 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना बुधवार की है। जानकारी के अनुसार भंडरा प्रखंड के कचमची गांव के स्व मंगला महतो के पुत्र अनु महतो (70) अपने भैसों को नहलाने के लिए नंदनी डैम गए थे। मवेशियों को नहलाने के क्रम में अनु महतो गहरे पानी की ओर चले गए। इस कारण वह डैम में डूब गया। गांव के लोगों ने शव को बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया टेले उरांव गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिवार को सरकारी लाभ दिलाने में हर सम्भव मदद करने भरोसा दिलाया।

### खूंटी में बेअसर रहा स्टूडेंट यूनियन का झारखंड बंद

**खूंटी :** नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से बुधवार को बुलाये गए झारखंड बंद का खूंटी जिला में कोई असर नहीं दिख रहा है। सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान, बैंक, कचहरी और सरकारी कार्यालय आम दिनों की तरह खुले रहे। बद का असर सिर्फ लंबी दूरी की यात्री बसों के पचिालन पर पड़ा। रांची, सिमडेगा, खूंटी-गुमला, खूंटी- चाईबासा सहित अन्य सभी प्रमुख मार्गो पर यात्री बसों का परिचालन बंद रहा। हालांकि ट्रकों और अन्य व्यावसायिक वाहनों का परिचालन साान्य ढंग से हुआ। तोरपा में कुछ युवकों ने दुकानों को बंद कराने का प्रयास किया, लेकिन इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।ज्ञात हो कि झारखंड सरकार की नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के तीन दिनों के महा आंदोलन के तीसरे दिन बुधवार को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। खूंटी जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, अड़की और मुरहू प्रखंड क्षेत्र में भी बंद पूरी तरह विफल रहा।

### केन्द्रीय विद्यालय को पुनः भुरकुंडा में संचालित करने को ले विधायक ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में संचालित करने को ले बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त रामगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में विधायक ने कहा है कि पतरातू प्रखण्ड के भुरकुंडा में स्थित केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण केवि को घुटवा के बंद पड़े जीएम ऑफिस में शिफ्ट किया गया था। करीब दो दशक पहले केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा के रिवर साईड में संचालित हो रहा था। लेकिन विद्यालय भवन की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण सीसीएल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे घुटवा में शिफ्ट कर दिया। पत्र में अंबा प्रसाद ने कहा है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद अब तक केन्द्रीय विद्यालय को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है। जबकि प्रबंधन द्वारा आश्वाशन दिया गया था कि पुनः भुरकुंडा में नए भवन का निर्माण कराकर केन्द्रीय विद्यालय को संचालित किया जाएगा। पत्र के माध्यम से विधायक ने केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में संचालित करने की दिशा में पहल करने की बात कही है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने शहर के विभिन्न स्थानों में लगवाया प्याऊ

**रामगढ़ :** कड़ी धूप को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा ने अमृत धारा परियोजना में मारवाड़ी धर्मशाला के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ लगवाया है जिसे प्यासे रहगीरो को गर्मी में राहत देगा शीतल पेयजल। मारवाड़ी युवा मंच हमेशा नेक कार्यो के लिए अग्रसर रहता है। मौके पर अध्यक्ष निलिन्द अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, अमित अग्रवाल, आशीष मिमानी, लोकेश बगड़िया, वरुण बगड़िया, राकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आशीष जैन, राहुल जैन, पंकज अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मौजूद थे।

### हेठगोवा में विश्व यकृत दिवस सह पंचायत स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड के हेडगोवा ग्राम के पंचायत भवन में बुधवार को तेजस्विनी परियोजना मुरहू की ओर से विश्व यकृत दिवस सह पंचायत स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुरहू मिथिलेश कुमार सिंह और प्रखंड प्रमुख एलिस गुड़िया ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग चार सौ महिला- पुरुषों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौक पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि विश्व यकृत दिवस मनाने का उद्देश्य है कि हम सभी लोग आए दिन लीवर संबंधित बीमारियों जैसे लीवर कैंसर, लीवर में सूजन आदि के प्रति जागरूक रहें। साथ ही अपने संपूर्ण शारीर की जांच नियमित रूप से कराते रहें। उन्होंने कहा कि तेजस्विनी परियोजना द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम काफी सराहनीय है। मौके पर उप प्रमुख, मुरहू अरुण साबू ने तेजस्विनी की सभी किशोरी और युवतियों से अपील करते हुए कहा कि यकृत के प्रति अपने घर परिवार एवं आस-पड़ोस के लोगों को जागरूक करें। उक्त स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराने के बाद मुफ्त में दवा प्राप्त करना चाहिए। जिला परिषद सदस्य दयामनी मुंडू ने कहा कि तेजस्विनी परियोजना द्वारा आयोजित विश्व यकृत दिवस सह पंचायत स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप काफी सराहनीय है।

### बाइक चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गिरिडीह :** बाइक चोरी करने वाले दो चारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की है। बुधवार को एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता कर इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मजीद अंसारी और मुकद्दर अंसारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को गांडेय थाना इलाके में मनोज गोप नामक व्यक्ति की मोटरसाइकिल घर के पास से चोरी हो गई थी। मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया था। इसके बाद टीम ने आरोपित मजीद अंसारी को गांडेय से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मुकद्दर अंसारी को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से भी मुफस्सिल थाना क्षेत्र से चोरी हुई बाइक बरामद की गई। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने मोटरसाइकिल की खरीद बिक्री करने वाले कमार्टांड़ क्षेत्र के बरमुंडी के घर से दो मोटरसाइकिल बरामद की। जिसमें एक मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। हालांकि इस दौरान पुलिस को देखते ही आरोपित मौके से फरार हो गया।पुलिस उक्त आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

### बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, 25 बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**लातेहार :** लातेहार और पलामू पुलिस ने संयुक्त रूप से अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने बाइक चोरों की निशानदेही पर चोरी की 25 बाइक बरामद की गई हैं। पुलिस ने चोरी करने और चोरी की बाइक बिकवाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को प्रेस वार्ता में एसडीपीओ दिलु लोहरा ने बताया कि एसपी के निर्देश पर लातेहार पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान मनिका थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बिना नंबर की बाइक के साथ एक युवक अमित कुमार को रोका गया। युवक गाड़ी के कागजात नहीं दिखा सका। इस युवक से पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बाइक उसके दोस्त रंजीत कुमार ने बेचने के लिए दी है। इसके बाद पाकी पुलिस की मदद से पाकी थाना क्षेत्र निवासी रंजीत कुमार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे बाइक चोरी कर बेचते हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापामारी कर 25 बाइक बरामद की।

# जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक

**औरंगाबाद** :सुहर्ष भगत, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद, शुभम कमार, सहायक समाहर्त्ता, औरंगाबाद, कृष्णा कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता -सह- विधि प्रभारी, संग्राम सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं संभाग प्रभारियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार बैठक में उपस्थित सभी लोगों का परिचय कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सर्वप्रथम न्यायालय वाद की समीक्षा में यह पाया गया कि 4 सीड्ब्डल्लू०जे०सी० लम्बित है, जिसके शीघ्र निष्पादन का निदेश दिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा अवगत कराया गया कि ऋड्इ मद से शिक्षकों को माह फरवरी, 2023 तक एवं ररअ मद से शिक्षकों का माह मार्च 2023 तक वेतन भुगतान किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा पी०एम० पोषण योजना की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि 05 विद्यालयों में



रसोईया, 26 विद्यालयों में खाद्यान्न एवं 5 विद्यालयों में चापाकल के कारण मध्याह्न भोजन बाधित है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा 24 घंटे में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विद्यालयों में मध्याह्न भोजन प्रारंभ कर प्रतिवेदित करने का निदेश जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पी०एम०पोषण योजना, औरंगाबाद को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए निदेश दिया गया कि मध्याह्न भोजन योजना में किसी प्रकार की कोताही न बरतें, इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारी समय पूर्व से सभी प्रक्रियाओं को पालन करते हुए समस्याओं का निराकरण करें एवं शत-प्रतिशत विद्यालयों में मध्याह्न भोजन संचालित कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निपुण कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के क्रियान्वयन के लिए ऋछ्ठ मिशन के बारे में अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अबतक कितने विद्यालयों को किट उपलब्ध कराया गया है एवं विद्यालय इसका प्रयोग कर रहे हैं अथवा नहीं इसके प्रतिवेदन की मांग की गई। समग्र शिक्षा अभियान के तहत समायोजन की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान माह में वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति तक 20964.8082 के विरूद्ध 20630.58914 लाख का सामंजन किया गया है, शेष 334.21 लाख का समायोजन लम्बित है। जिला पदाधिकारी द्वारा मदवार असामंजित राशि का प्रतिवेदन तैयार कर पूर्ण सामंजन करने का निदेश दिया गया।

## औरंगाबाद में 21 अप्रैल तक रहेगा हिट वेव (लू) का योलो अलर्ट : अनूप चौबे

**औरंगाबाद।** कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ अनूप चौबे ने बताया की मौसम पूर्वनुमान के अनुसार आगामी पाँच दिनों का 19, 20, 21, 22 एवं 23 अप्रैल 2023 को अधिकतम तापमान 43, 43, 42.5, 41 एव 39.5 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 24, 25, 25, 22 & 22.5 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिनाँक 21 से 23 अप्रैल तक आसमान में मध्यम बादल छाए रहेंगे एवं 22 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्के बारिश (बूंदाबून्दी) होने की संभावना है साथ ही अधिकतम एवम न्यूनतम तापमान में कमी आएगा। 17 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस एवम 18 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किसान भाइयों के लिए सुझाव 22 अप्रैल को हल्के बारिश की



संभावना हैं अतः किसान भाइयों को तैयार गेहूं की फसल की कटाई, थ्रेसिंग करके शीघ्र अनाज का भंडारण करने की सलाह दी जा रही है। खेत मे कार्य करते समय किसान भाइयों एवम कृषि मजदूरों को तेज धूप में कार्य करने से परहेज करना चाहिए तथा तेज धूप में अपने पशुओं को चराने के लिए न ले जाए।

## पानी के लिए मचा हाहाकार पीने का पानी के लिए जिले में तड़प रहे हैं गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार

**औरंगाबाद :** भीषण गर्मी जिला एवं शहर के लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए पैगाम ए इंसानियत के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान उनके साथ अन्न लोगों ने मंगलवार को चौथी बार शहर के बाजारों के साथ कड़ाके की धूप में समस्या ग्रस्त वार्ड में निशुल्क पिकअप वाहन और थैला से आरओ का ठंडा पानी अपने माथे पर लाद कर घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया। लोगों को काफी राहत मिला। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि चार दिनों से लगातार चोक चौराहे पर शहर में घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया हूं। सोमवार को तापमान डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद का पारा 43 डिग्री के पार रहा है। जिला के साथ औरंगाबाद नगर परिषद के कई पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है लोगों के बीच पानी की समस्या भी गहराती जा रही है। नगर परिषद के साथ-साथ पीएचडी विभाग के लापरवाही के कारण इस चिलचिलाती धूप में लोग दूर दूर से पानी लाने को विवश हैं। शहर के नावाडीह रोड में पानी की समस्या हो जाने के कारण इस रोड के लोग पानी के लिए



तरस रहे हैं। कई लोगों कब पानी का जल स्तर गिर जाने पानी की व्यवस्था ना होने से शहर को छोड़कर जा रहे हैं। अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि जिला के साथ पानी के लिए परेशान हैं और नगर परिषद एवं वर्तमान सांसद विधायक जल संकट की समस्या दूर करने में पूरी तरह विफल हैं। बताया कि मैंने लोगों को जरूरत और परेशानियों को देखते हुए शहर में लोगों के बीच निशुल्क पिकअप वाहन से उनके घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। अपनें निजी राशि से पानी की व्यवस्था करा रहा हूं। गर्मी को देखते हुए पूरे शहर में लगातार पानी की व्यवस्था था। लोगों के बीच मिलेगा, इसमें किसी तरह का कोई भी कसर हम लोगों के द्वारा नहीं छोड़ा जाएगा। पानी पिलाना उनका काम है। इस मौके पर अन्ना खान, मो. जावेद, मो. जफर खान, मो. खलील, मो. इबरार, छोटे खान, वीरेंद्र कुमार, चौरसिया कुमार सहित उपस्थित रहे।

## राजस्थान सीकर के कल्याण सिंह को कब मिलेगा न्याय : नितेश सिंह कछवाहा



**पटना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितेश सिंह कच्छवाहा ने पत्रकारों को बताया कि राजस्थान के सीकर जिले में मावंडा (तहसील - नीम का थाना) में हुई कल्याण सिंह तंवर की हत्या के दोषी को अभी तक पुलिस प्रशासन पकड़ नहीं रही है। वह क्या कर रही है समाज में रोष उत्पन्न है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई हो। मावंडा गांव (नीम का थाना) में एक गरीब परिवार के स्व कल्याण सिंह तंवर की 6 अप्रेल 2023 को हत्या कर दी गई। थाना सदर निमका थाना द्वारा नामजद एफ आई आर भी दर्ज कर ली गई, किन्तु अबतक प्रशासन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई हैं। नामजद अपराधी आज भी खुले आम घूम रहे हैं और परिवार को धमका रहे हैं, मुकदमा वापस लेने को दबाव बना रहे हैं। स्व.कल्याण सिंह का 6 अप्रेल को अपहरन किया और मारपीट करके हत्या करके रेल की पटरी (मा काली फाटक - नीम का थाना) पर फेंक दिया जाता है। पुलिस प्रशासन द्वारा आज इतने दिन बीत जाने के बाद भी कोई एक्शन नही लिया गया और पीड़ित परिवार से भी कोई पूछताछ नही की गई। पीडित परिवार को न्याय मिले, नामजद अपराधियों को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक में केस चलवाया जाये। इतने दिनों तक गिरफ्तारियां न होने की वजह से लोगो का धैर्य टूटता जा रहा है और हम ज्यादा दिनों तक इनको नहीं रोक पाएँगे और ना ही रोकेंगे। न्याय नहीं मिला तो जल्द हीं समस्त क्षत्रिय संगठन समाज मिलकर एक बड़ा करने के लिए बाध्य होगा। सरकार शीघ्र अति शीघ्र न्पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। क्षत्रिय सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितेश सिंह ने बताया कि उनके संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस दिलाने के लिए आंदोलन करेंगे। समस्त समाज इसमें साथ होगा।

# लव ट्रायंगल में हुई 9वीं के छात्र की हत्या

**गोपालगंज** में 9वीं के छात्र की हत्या लव ट्रायंगल में हुई है। 15 साल का प्रतीक और आरोपी दोस्त थे और एक ही क्लस में पढ़ते थे। दोनों एक ही लड़की से प्यार करते थे। प्रतीक की उस लड़की से बातचीत पर आरोपी खफा था। पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम करके हंगामा किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उसने बताया है कि लड़की से बात करने पर हत्या की है। दोनों में कुछ दिन पहले भी मारपीट हुई थी। घटना जिले के बरौली थाना क्षेत्र के प्रेम नगर आश्रम के पास घटी। प्रतीक नगर थाना क्षेत्र के सरैया का रहने वाला था। बुधवार सुबह वह घर से स्कूल के लिए निकला, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह चाकू गर्दन में ही छोड़कर भाग निकला। प्रतीक की मौके पर ही मौत हो गई। तीन साल पहले प्रतीक के पिता अजय पटेल की



भी चाकू गोद कर हत्या कर दी गई थी। पिता की मौत के बाद छात्र बरौली थाना के बतरदेह गांव में अपने मामा के साथ रहता था। प्रतीक की हत्या से लोगों में गुस्सा है। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जमकर प्रदर्शन किया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी किशोर है। मामले में मुजफ्फरपुर से डॉग स्क्वॉड की टीम को बुलाया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लड़की से बात करने को लेकर विवाद हुआ था। दो दिन पहले भी दोनों के बीच स्कूल में लड़ाई हुई थी।

# जो हिंदू हित की बात करेगा , वही बिहार पर राज करेगा : हिंदू समाज

**गया।** गयाजी शहर के गांधी मैदान पांच नंबर गेट स्थित धरना स्थल पर श्री रामनवमी शोभायात्रा सुरक्षा मंच के बैनर तले हिंदू समाज ने एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया। ज्ञात हो बीते महीने श्री रामनवमी शोभायात्रा पर बिहार के कई हिस्सों में पत्थरबाजी सहित राम भक्तों पर हमला किया गया था। प्रशासन द्वारा मामले की जांच न करते हुए रामभक्तो की हीं गिरफ्तारी की गई और बेवजह परेशान किया गया साथ ही साथ शोभायात्रा में शामिल यंत्रों को रोककर थाने में बंद कर दिया गया। रामभक्तो ने कहां कि बिहार सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन शोभायात्रा को प्रभाती करने का काम कि थी। बिहार सरकार रामभक्तो कि बडी संख्या को देख पूरी तरह विचलित हो गई है बिहार सरकार हिन्दू समाज कि एकता को देख डर गई है और हिन्दूओ को बांटने के लिए कई संयन्त्र कर रही है। जिस प्रकार गयाजी में पहली बार रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस प्रशासन ने लौटने वक्त परेशान कि वो बर्दाश्त नही किया जाएगा।



गयाजी में इस वर्ष शोभायात्रा को पूरी तरह प्रभावित करने के लिए प्रशासन और सत्ता दल के लोग पूरा प्रयास किए है जो बर्दाश्त नही किया जाएगा। आज बिहार के हिन्दूओ को एक होने कि आवश्यकता है और बिहार में हिन्दू हित कि बात करने बाले सरकार को लाना कि आवश्यकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के हिंदू समाज इकट्ठा हुए एवं जय श्री राम तथा भारत माता की जय के नारे लगाए। रामभक्तों ने प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए बताया कि राम भक्त मर्यादित तरीके से राम नवमी शोभायात्रा निकालते हैं, लेकिन कुछ उपद्रवी प्रवृत्ति के लोग एक षड्यंत्र के तहत राम भक्तों पर पत्थर बाजी करते हुए श्री रामनवमी शोभायात्रा को रोकने का प्रयास करते हैं। क्या हिंदू धर्म के लोग सुरक्षित तरीके से श्री रामनवमी शोभायात्रा नहीं निकाल सकते ? इसकी जवाब देही कौन लेगा ? चाकंद, इटमा और गया जिला के विभिन्न स्थानो पर जिस प्रकार रामभक्तो पर अत्याचार हुआ और उन्हे प्रताड़ित किया गया वो दुखद घटना है और निंदनीय है प्रशासन द्वारा उल्टा इन स्थानो पर प्रशासन ने हिन्दूओ को प्रताड़ित करने का काम किये है और एक तरफा कारवाई कि है श्री रामनवमी शोभायात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को रोक कर बेवजह रामभक्तो को परेशान किया गया और झुठे केस में फंसाया गया है।

## संक्षिप्त -समाचार

### जहरीले शराब पीने से हुए मौतों पर भाजपा ओछी राजनीति कर रही है : युवा राजद

**पटना।** युवा राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण कुमार यादव ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी जी के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि जहरीले शराब पीने से हुए मौतों पर भाजपा नेता ओछी राजनीति कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि सुशील मोदी जी आज जो सवाल खड़े कर रहे हैं, वो सवाल जब नीतीश कुमार जी के साथ सरकार में थे तब क्यों नहीं कर रहे थे। भाजपा जब नीतीश कुमार जी के साथ सरकार में शामिल थी, उस समय सभी भाजपा नेताओं के मुँह में दही क्यों जमे हुए थे। श्री यादव ने कहा कि बिहार में सत्ता से बाहर जबसे भाजपा हुई है तब से बौखलाहट में ओछी और घटिया राजनीति करने पर उतर गई है। भाजपा नेता को अच्छी तरह जान लेना चाहिए कि शराबबंदी के मुद्दों पर महागठबंधन की नई सरकार पूरी तरह गंभीर है। श्री यादव ने कहा कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने के बदले भाजपा नेता शराबबंदी कानून को विफल करने में जुटी हुई है। पिछले 6 वर्षों में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के मामले में भाजपा के बड़े से बड़े नेताओं का नाम सामने आया है, जिनका अवैध रूप से शराब के कारोबार में संलिप्तता है।

### महंगाई रोकने में सरकार को मिल रही बड़ी सफलता : नंदकिशोर

**पटना** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने मंगलवार को कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। वैश्विक मंदी के बावजूद सरकार ने वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता हासिल की है। यादव ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के मोर्चे पर राहत के बाद अब थोक महंगाई भी मार्च, 2023 में घटकर 1.34 प्रतिशत रह गयी। यह 29 माह का निचला स्तर है। इससे पहले नवंबर 2020 में यह 2.29 प्रतिशत थी। यह लगातार छठा महीना है, जब थोक महंगाई दर इकाई अंक में है। विनिर्मित वस्तुओं व ईंधन की कीमतें घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में गिरावट आयी यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने मुद्रास्फीति रोकने में यह सफलता तब हासिल की है, जब कोरोना महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था भीषण मंदी के दौर से गुजर रही है। बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भी कठिन दौर से गुजर रहे हैं। इस विकट स्थिति में मोदी सरकार ने न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था को बेपटरी होने से बचाया, बल्कि प्रगति के पथ पर अग्रसर भी रखा।

### कुष्ठ एवं फाइलेरिया स्वरक्षा अभ्यास कैम्प का आयोजन



**औरंगाबाद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में जिला कुष्ठ कार्यालय औरंगाबाद और इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से कुष्ठ एवं फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्तियों के लिए स्वरक्षा अभ्यास कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें प्रभावित व्यक्तियों को विकलांगता से बचाव और दुष्प्रभाव से बचाव के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही बुनियादी मनोवैग्यानिक सहायता के बारे में बताया गया साथ ही 06 सेल्फ केअर किट और करीब 20 एमसीआर फुटवियर का वितरण किया गया।स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक में भी कुष्ठ कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विक्रम सिंह, एनएलआर इंडिया फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि डॉ चन्द्रमणि, राज्य समन्वयक शम्भु नाथ तिवारी, जिला कुष्ठ कार्यालय के पी एम डब्लू संतोष कुमार,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक विकाश शंकर, प्रखंड लेखा प्रबंधक अखिलेश कुमार का अपेक्षित सहयोग से कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा। इस कार्यक्रम में कुष्ठ के करीब 20 मरीजों का तथा फाइलेरिया के 10 मरीजों के साथ करीब 20 आशा कार्यकताओं ने भाग लिया।

### तेज प्रताप यादव के शो रूम में छह की संख्या में रहे आसामाजिक तत्वों ने कि तोड़फोड़



**औरंगाबाद।** शहर के कामा बिगहा मोड़ के समीप स्थित सूबे के वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री तेज प्रताप यादव के शो रूम में छह की संख्या में रहे आसामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है और घटना के बाद से उनके मोबाइल पर केश न करने की धमकी दी गई है। शो रूम में हुए तोड़फोड़ एवं तेज प्रताप को मोबाइल पर मिली धमकी पर कारवाई के लिए दो अलग अलग आवेदन शो रूम के केयर टेकर अजय यादवेंदु के द्वारा द्वारा दी गई है। अजय ने बताया कि तोड़फोड़ से संबंधित आवेदन देने के 24 घंटे बाद भी पुलिस की कोई कारवाई न होना चिंता का विषय है। अजय ने जानकारी दी कि सोमवार को शो रूम में सुबह ही एक महिला अपने पिता के साथ अपनी स्कूटी की सर्विसिंग करवाने समय से पूर्व ही एजेंसी में पहुंच गई और तुरंत सर्विसिंग का दबाव बनाने लगी।वहा मौजूद गार्ड ने सर्विसिंग सेंटर खुलने का टाइम बताकर प्रतीक्षा करने का आग्रह किया।जैसे ही सर्विसिंग सेंटर खुली उनकी स्कूटी सर्विसिंग के लिए चली गई।लेकिन इसी बीच महिला से सबंधित कुछ युवक आए और काफी प्रतीक्षा कराने का आरोप लगाते हुए सर्विसिंग में लगे कर्मियों से उलझ पड़े। इसी दौरान उनके साथ आए युवकों ने एजेंसी पर पथराव कर दिया जिससे शीशे और दो स्कूटी टूट गई। जैसे ही एजेंसी के कर्मी दौड़े सभी भाग खड़े हुए।लेकिन उनकी एक बाइक छूट गई जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है।अजय ने बताया कि तोड़फोड़ मामले में पुलिस ने 286/23 दर्ज कर लिया है।लेकिन आज फिर एक आवेदन वन पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री श्री तेज प्रताप यादव के मोबाइल नंबर पर औरंगाबाद से दो अज्ञात नंबर से कॉल करकर धमकी दी जा रही है। जिसका भी आवेदन दिया गया है।

# मातृहंता!

यह कृतघ्नता की पराकाष्ठा है! दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके के मानसरोवर गार्डन में लंदन से लौटे एक बेटे ने दौलत की खातिर बिस्तर से लगी बूढ़ी मां का जिस तरह कत्ल किया, और जो ब्योरे अब सामने आए हैं, वे हतप्रभ करने वाले हैं। 78 साल की बूढ़ी और लाचार महिंदर कौर के यह गुमान में भी नहीं होगा कि जिसे अपनी कोख से जन्म दिया, पाला-पोसा और अपने बुढ़ापे का सहारा के तौर पर देखा, वही उनका कातिल बन जाएगा! वह बूढ़ी मां कितनी तड़पी होगी, फ्लैट के गेट तक उसने अपनी जर्जर काया को कैसे खींचा होगा, यह सोचकर ही सिहरन पैदा हो जाती है। चंद रोज पहले हुई इस वारदात को आरोपी बेटे ने दुर्घटना बताने की कोशिश की थी, मगर मौका-ए-वारदात के साक्ष्यों ने जांच दल के मन में शुरूआत में ही शुब्हा पैदा कर दिया था, और अब तफ्तीश के बाद हुए खुलासे इस दुनिया के सबसे पवित्र रिश्ते को कठघरे में खड़ा कर गए हैं। यह पहली वारदात नहीं है, जब किसी बेटे ने ऐसे नृशंस कृत्य को अंजाम दिया हो। नवंबर 2022 में दिल्ली के ही पालम इलाके में एक 25 साल के युवक ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। मगर इन दोनों अपराधों के बीच जीवन-स्तर, परवरिश, आर्थिक हैसियत और उम्र का एक बड़ा फासला है। पालम कांड का आरोपी बेरोजगार युवा और नशे की गिरफ्त में था, जबकि मानसरोवर गार्डन राजधानी की पॉश कॉलोनियों में शुमार होती है, आरोपी शख्स की उम्र भी दोगुनी है और वह लंदन में अपने दूसरे भाई-बहन के साथ रहता था। ये ब्योरे बताते हैं कि हमारे परिवार में खून के रिश्ते भी अब कितने खोखले होते जा रहे हैं और हमें अपने मूल्यों के प्रति किस कदर संवेदनशील होने की जरूरत है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 में बिहार में सबसे ज्यादा 815 लोगों की हत्या जमीन व मिल्कियत के लिए हुई, तो उत्तर प्रदेश में भी ऐसी हत्याओं का आंकड़ा सैकड़ों में था। जाहिर है, ऐसी ज्यादातर हत्याओं के आरोपी रक्त संबंधी ही होते हैं। इसलिए सरकारों और समाज-शा्त्रियों को इस घातक प्रवृत्ति पर गहन विमर्श करने की जरूरत है। मानसरोवर गार्डन की घटना एक अन्य विडंबना को भी उजागर करती है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए ऊंचे-ऊंचे ख्वाब संजोते हैं। उन्हें साकार करने के लिए वे अपनी जिंदगी में तमाम तरह के समझौते करते हैं, लेकिन जब बच्चे किसी अन्य मुल्क में चले जाते हैं, तो उनमें सिर्फ भौगोलिक दूरियां ही नहीं आती, नजरिये में भी फर्क आता है। एक बड़ी संख्या में महिंदर कौरों की जिदंगी तन्हा अपने बच्चों की राह तकते गुजर जाती है। ऐसी अनगिनत गाथाएं इसी अखबार की सुर्खियां बन चुकी हैं, जिनमें परदेसी बच्चों के एकाकी मां-बाप अपने फ्लैट या मकान में कंकाल-रूप में बरामद हुए। यह दुराव भूगोल और संसाधनों से अधिक रिश्तों से अपनाइयत के खत्म होते जाने का है। निस्संदेह, सभी बच्चे एक से नहीं होते और हमें अपने बच्चों के लिए बेहतर ख्वाब देखने ही चाहिए, मगर इसके साथ ही उनके भीतर मानवता हमेशा जिंदा रहे, इसका उद्यम भी करते रहना चाहिए।

# छूट की सीमा

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने में उसकी ओर से बिजली मुफ्त मुहैया कराए जाने के वादे ने बड़ी भूमिका निभाई थी। इस मुद्दे पर पार्टी को जनता के एक बड़े हिस्से का समर्थन मिला था। इस पर काफी हद तक अमल भी हुआ, जिसका फायदा दिल्ली में बड़ी संख्या में लोगों को मिला। हालांकि इस मसले पर अनेक सवाल उठे थे कि मुफ्त बिजली की योजना की वजह से राजस्व पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कैसे होगी। लेकिन बीते कई साल से यह नीति लागू रही। अब अलग-अलग कारणों से इस मामले में जिस तरह की खींचतान शुरू हो गई है, उससे जनता के बीच इस सुविधा के जारी रहने को लेकर स्वाभाविक ही आशंका खड़ी हो गई है। दरअसल, हाल ही में दिल्ली सरकार ने दावा किया कि चूंकि उपराज्यपाल ने फाइल पर हस्ताक्षर करके नहीं भेजा, इसलिए उपभोक्ताओं को बिना सबसिडी वाली बिजली नहीं मिलेगी। एक तरह से दिल्ली सरकार की ऊर्जा मंत्री ने उपराज्यपाल पर यहां के छियालीस लाख परिवारों को मिलने वाली बिजली सबसिडी रोकने का आरोप लगाया। जाहिर है, इसके बाद यह मसला राजनीतिक खींचतान और आरोप-प्रत्यारोप में तब्दील हो गया। फाइल रोके जाने की खबर के कुछ समय बाद ही चूंकि उपराज्यपाल की ओर से इसकी मंजूरी मिलने की खबर आ गई थी, इसलिए इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा ने एक-दूसरे पर जनता को सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया। लेकिन अब जिस तरह उपराज्यपाल ने एक पत्र के माध्यम से दिल्ली सरकार के आरोपों को झूठा बताते हुए उसके प्रमाण मांगे हैं और ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, उससे यही लग रहा है कि इस मसले पर दोनों पक्षों के बीच टकराव फिलहाल खत्म नहीं हुआ है। सवाल है कि सरकार में होने के बावजूद आम आदमी पार्टी के नेता या मंत्री को क्या किसी नीतिगत फैसले की घोषणा, उसकी मंजूरी और उसे लागू करने की प्रक्रिया में लगने वाले समय के बारे में अंदाजा नहीं है! अगर सरकार को ऐसा लगा भी कि बिजली सबसिडी के फैसले पर उपराज्यपाल की मंजूरी में देरी होने के मामले में कोई प्रक्रियागत खामी है, तो क्या इसे सार्वजनिक रूप से राजनीतिक मुद्दा बनाने से पहले स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार नहीं कर लेना चाहिए था?

# कश्मीर रहा है सनातन हिंदू संस्कृति का गढ़

**विश्लेषण**



✍ प्रहलाद सबनानी

आज भी कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही कई स्थानों के नाम हैं। कश्मीर का अनंतनाग नागवंशियों की राजधानी हुआ करता था। हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पाकालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास का पता चलता है। 1184 ईसा पूर्व के राजा गोनंद से लेकर राजा विजय सिम्हा (1129 ईसवी) तक के कश्मीर के प्राचीन राजवंशों और राजाओं के प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र पहले हिन्दू शासकों और फिर बाद में मुस्लिम सुल्तानों के अधीन रहा। बाद में यह क्षेत्र अकबर के शासन में मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। वर्ष 1756 से अफगान शासन के बाद वर्ष 1819 में यह क्षेत्र पंजाब के सिख साम्राज्य के अधीन हो गया था। जब भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब धर्म के नाम पर भारत के एक बड़े भू-भाग को अलग कर पाकिस्तान बना दिया गया था। उस समय भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख ये तीनों अलग अलग क्षेत्र थे और यह तीनों क्षेत्र एक ही राजा के अधीन थे तथा 26 अक्टूबर, 1947 को इस क्षेत्र के शासक महाराज हरि सिंह ने अपने क्षेत्र के भारतीय संघ में विलय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे।

अतिप्राचीन भारत में कैलाश पर्वत के आसपास भगवान शिव के गणों की सत्ता थी। इस इलाके में ही दक्ष राजा का साम्राज्य था। ऐसा माना जाता है कि कश्यप ऋषि कश्मीर के पहले राजा हैं। कश्मीर को उन्होंने अपने सपनों का राज्य बनाया। संभवतः कश्यप ऋषि के नाम पर ही कश्यप सागर (कैस्पियन सागर) और कश्मीर का प्राचीन नाम पड़ा। शोधकताओं के अनुसार कैस्पियन सागर से लेकर कश्मीर तक ऋषि कश्यप के कुल के लोगों का राज फैला हुआ था। कश्यप की एक पत्नी कद्रू के गर्भ से नागों की उत्पत्ति हुई जिनमें प्रमुख 8 नाग थे- अनंत (शेष), वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख और कुलिक। इन्हीं से नागवंश की स्थापना हुई।

आज भी कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही कई स्थानों के नाम हैं। कश्मीर का अनंतनाग नागवंशियों की राजधानी हुआ करता था। हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पाकालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास का पता चलता है। 1184 ईसा पूर्व के राजा गोनंद से लेकर राजा विजय सिम्हा (1129 ईसवी) तक के कश्मीर के प्राचीन राजवंशों और राजाओं के प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र पहले हिन्दू शासकों और फिर बाद में मुस्लिम सुल्तानों के अधीन रहा। बाद में यह क्षेत्र अकबर के शासन में मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। वर्ष 1756 से अफगान शासन के बाद वर्ष 1819 में यह क्षेत्र पंजाब के सिख साम्राज्य के अधीन हो गया था। जब भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब धर्म के नाम पर भारत के एक बड़े भू-भाग को अलग कर पाकिस्तान बना दिया गया था। उस



समय भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख ये तीनों अलग अलग क्षेत्र थे और यह तीनों क्षेत्र एक ही राजा के अधीन थे तथा 26 अक्टूबर, 1947 को इस क्षेत्र के शासक महाराज हरि सिंह ने अपने क्षेत्र के भारतीय संघ में विलय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे।

विभाजन की इस त्रासदी के समय भी पाकिस्तान की सेना ने कबाइलियों के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर इसके बहुत बड़े भू-भाग पर कब्जा कर लिया था। इस आक्रमण का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए कब्जा मुक्ति का अभियान बहुत सफलतापूर्वक चला रही थी। मगर बीच में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी जिसके कारण लगभग आधा जम्मू-कश्मीर आज भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। यह तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनीतिक भूल मानी जाती है, जिसके चलते यह क्षेत्र पिछले लगभग 70 वर्षों तक अशांत क्षेत्र बना रहा है। हालांकि कश्मीर सनातन हिंदू संस्कृति का गढ़ रहा है परंतु कश्मीर का इतिहास और भूगोल दोनों ही बदल दिए गए हैं। हमें ऐसा आभास कराया जाता है कि कश्मीर क्षेत्र इस्लाम के कब्जे के क्षेत्र रहा है।

तत्कालीन नेहरू सरकार की जम्मू-कश्मीर से सम्बंधित दूसरी सबसे बड़ी गलती थी अनुच्छेद 370 लागू करवाना। इस धारा के अंतर्गत केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू-कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अतः भारत सरकार के कानून जम्मू -श्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू-कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था।

जम्मू-कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के सम्मान नहीं करने पर उन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था। यहां तक कि जम्मू और कश्मीर के सम्बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता है, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। जम्मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती है, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था।

इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती है, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था और आतंकवाद फैला सकता था।

कुल मिलाकर अनुच्छेद 370 के चलते, नागरिकों के हितार्थ पूरे देश में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था एवं इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि अत्यधिक आतंकवाद के चलते कोई भी उद्योगपति अपना निवेश इस क्षेत्र में करने को तैयार ही नहीं होता था। इस क्षेत्र के नागरिकों को लाभ पहुंचाने, इस क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देने एवं आतंकवाद को समूल नष्ट करने के उद्देश्य से 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर को खास दर्जा देने वाली इसे कानूनी रूप से खत्म कर दिया था।

इसके बाद से वहां कई बदलाव दृष्टिगोचर हैं। अब केंद्र के समस्त कानूनों एवं अन्य कई आर्थिक योजनाओं को वहां लागू कर दिया गया है। इससे आम नागरिकों को लाभ हुआ है। आतंकी घटनाओं में भारी कमी आई है। आतंकवादियों की कमर तोड़ दी गई है। हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिकों को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

जम्मू-कश्मीर में जिस तरह इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, कनेक्टिविटी बढ़ रही है, उससे राज्य में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार हुआ है और कैलेंडर वर्ष 2022 में रिकार्ड वृद्धि के साथ 26 लाख से अधिक पर्यटक वहां पहुंचे हैं। भारत की आजादी के बाद से वर्ष 2019 तक जम्मू-कश्मीर में तकरीबन 14,700 करोड़ रुपये का निवेश हो पाया था, जबकि पिछले केवल तीन वर्षों में यह चार गुना बढ़कर 56,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। स्वास्थ्य से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर का भी तेजी से विकास हो रहा है। दो नए एम्स, सात नए मेडिकल कॉलेज, दो स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट और 15 नर्सिंग कॉलेज खुलने जा रहे हैं। इस सबसे स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के नए अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

**(लेखक, वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं।)**

# किसी घर में पैदा न हो 'ऐसा अतीक'

बीते कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया अतीक अहमद के पुत्र असद और उसके दोस्त का मुठभेड़ में मारा जाना और उसके कुछ ही समय बाद पुलिस पहरे में आ रहे अतीक अहमद की उसके भाई अशरफ के साथ की गई हत्या की घटनाओं से सबका दिल दहल गया है। इन दोनों सनसनीखेज घटनाओं की जांच के न्यायिक आदेश दे दिए गए हैं। बेशक, अतीक अहमद के मारे जाने के साथ ही एक दहशत के युग का अंत हुआ है पर किसने सोचा होगा प्रयागराज में तांगा चलाने वाले शख्स का बेटा देखतेझदेखते अपराध के संसार में खौफ का पर्याय बन जाएगा। वह जिसकी संपत्ति पर चाहेगा कब्जा जमा लेगा। अगर कोई उसे अपनी संपत्ति देने में आनाकानी करेगा तो वह उसका या उसके बहन-बेटियों का अपहरण करवा लेगा। जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी।

अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक अहमद को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार और खुला समर्थन मिलता रहा। अपने को गांधीवादी समाजवादी कहने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम अतीक अहमद के साथ जुड़ना साफ करता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा कितना बदबूदार हो गया है। अभी सोशल मीडिया पर अतीक के घर पर उसके विशाल ग्रेट डेन को प्यार से सहलाते हुए समाजवादी पार्टी सुप्रीम मुलायम सिंह का चित्र वायरल हो रहा है । यकीन मानिए कि कोई भी इंसान अपराध के संसार में अतीक अहमद तब ही बनता है जब उसे किसी रसूखदार का राजनीतिक प्रश्रय हासिल होता है। अतीक अहमद को यह राजनीतिक प्रश्रय मिला जिसके चलते वह कानून को अपने हाथ में लेता रहा। अतीक अहमद की अब कुछ फोन पर की गई वाताएं सामने आ रही हैं जो वे फिरौती या फिर किसी की संपत्ति को कब्जाने के लिए किया करता था। उन्हें सुनने से लगता है कि वह फिरौती की रकम पूरे अधिकार के साथ मांगा करता था। उसके हुक्म को न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने के बारे में भी कड़क आवाज में बता दिया करता था। अब जरा देख लें कि जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधानसभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस वक्त अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सांसद था। उस वक्त परमाणु समझौते के विरोध में यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वामदलों ने अपने हाथ खींच लिए थे। ऐसे में विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया था। उस वक्त अतीक अहमद सहित छह अपराधी सांसदों को विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से 48 घंटे पहले विभिन्न जेलों से छोड़ा गया था, ताकि वे यूपीए सरकार के पक्ष में मतदान कर सकें। अतीक अहमद भी उन छह बाहुबलियों में से एक था, जिसने यूपीए सरकार को गिरने से बचाया था। क्या तब डॉ. मनमोहन सिंह या सोनिया गांधी को पता नहीं था कि अतीक अहमद कितने दूध के धुले हैं ? अतीक अहमद खुद ही अपराध की दुनिया में सक्रिय नहीं हुआ। उसने अपने पुत्रों को भी अपराध के संसार में धकेल दिया। उसने अपने पुत्र असद को बचपन से ही रिवाल्वर चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। आपको इस तरह का पिता आसानी से नहीं मिलेगा जो अपने बच्चों को ही अपराधी बनने के लिए प्रेरित करे। आखिर उसके आतंक का अंत का हो गया। उसे अंततः मिला क्या। उसे सरेआम उसके भाई के साथ मार दिया गया। जरा सोचिए कि चार दशकों तक अपराध और राजनीति की मदद से लगभग 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त करने वाले का कितना खराब हश्र हुआ। उसका पूरा परिवार बर्बाद हो गया। यूपी एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद और करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों ही उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड और पांच-पांच लाख के इनामी थे। लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस की सुरक्षा में अतीक कैसे मारा गया क यह सवाल उठाने वाले यह कैसे भूल जाते हैं कि उमेश पाल को जब अतीक के बेटे ने मारा तब वह भी पुलिस की सुरक्षा में था कजब इस देश के दो-दो प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी मारे गये थे तब तो वे केन्द्रीय बलों की सुरक्षा में थे। पहले असद और उसके दोस्त के मुठभेड़ में मारे जाने और फिर अतीक अहमद और उसके भाई के कत्ल के बाद कुछ स्वार्थी तत्वों ने फिर से विलाप शुरू कर दिया है। ये अतीक अहमद को खूंखार अपराधी नहीं मान रहे हैं। ये उसे एक मुसलमान नेता बताकर दुखी हैं। कह रहे हैं कि भारत में मुसलमानों के साथ दोयम दर्ज का व्यवहार हो रहा है। उनके साथ जुल्मों- सितम हो रहा है। याद कीजिए कि मुंबई बम धमाकों के साजिशकर्ता याकूब मेमन को तो नायक बनाने की भी इसी तरह से चेष्टा की गई थी। उसे सुप्रीम कोर्ट से मौत की सजा हुई, तो उसे बचाने के लिए देश के बहुत सारे स्वयंभू उदारवादी-सेक्युलरवादी सामने आ गए थे। उसकी शव यात्रा में हजारों लोग शामिल होते हैं। किसे नहीं पता कि उसके जनाजे में कौन-कौन शामिल हुआ था। हद तो तब हो गई थी जब उसकी कब्र को सजाया गया था। उसका इस तरह से रखरखाव होता रहा है कि मानो वह कोई महापुरुष हो। मुंबई में याकूब मेमन की कब्र के सौंदर्यकरण करने के ठोस सुबूत मिल चुके हैं और उसे एक इबादत गाह बदलने की कोशिश की गई थी।


## सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**



मुझे यकीन है कि मां कामाख्या कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल होगी। जहां तक आध्यात्मिक अनुभव का संबंध है, काशी विश्वनाथ धाम और श्री महाकाल महालोक परिवर्तनकारी रहे हैं। समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)



आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। महिलाओं की उन्नति को देख कर मुझे बहुत प्रसन्नता होती है। मेरा मानना है कि महिलाओं के विकास में ही देश का विकास है और देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने में महिलाओं का योगदान एक अहम भूमिका निभाएगा।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)

# सामाजिक समरसता पर सहज अमल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। उसकी यह यात्रा सामाजिक समरसता और संगठन पर आधारित है। इसका निरन्तर विस्तार हो रहा है। समाज के चिंतन और व्यवहार में व्यापक बदलाव आ रहा है। राष्ट्र को सर्वोच्च मानते हुए कार्य करने की प्रेरणा संघ से मिल रही है। भेदभाव से मुक्त समाज का विचार प्रबल हो रहा है। संघ ने यह विलक्षण कार्य अत्यंत सहज और स्वाभाविक रूप में किया है। संघ की शाखाएं इसी भावभूमि पर चलती हैं। संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार युगदृष्टा थे। शाखाओं में जाने मात्र से भेदभाव का विचार तिरोहित हो जाता है।

इसीलिए कहा गया कि संघ को समझने के लिए शाखाओं में जाना अपरिहार्य है। यहां समरसता का स्वाभाविक वातावरण होता है। यहां होने वाले कार्यक्रम या सहभोज आदि समरसता के अघोषित उपकरण हैं। इनसे लोगों के विचार मनोवैज्ञानिक रूप में समरसता के अनुकूल हो जाते हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने धर्म संस्कृति सम्मेलन और डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के कार्यक्रम में इसी को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा भी है संघ सम्पूर्ण समाज को अपना मानता है। एक दिन यह बढ़ते-बढ़ते समाज का रूप ले लेगा। तब संघ का यह नाम भी हट जाएगा। हिंदू समाज ही संघ बन जाएगा।

वह मानते हैं कि सामाजिक समरसता का भाव रहना चाहिए। उपासना पद्धति में अंतर होने से भी इस विचार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। भारत में तो प्राचीन काल से सभी मत पंथ व उपासना पद्धति को सम्मान दिया गया। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ही भारत की विचार दृष्टि है। निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता भारत की विशेषता रही है। सेवा कार्य में कोई भेदभाव नहीं होता। दर्शन में किसी सम्प्रदाय से अलगाव को मान्यता नहीं दी गई। विविधता के बाद भी समाज एक है। भाषा,जाति, धर्म,खानपान में विविधता है। उनका उत्सव मनाने की आवश्यकता है। कुछ लोग विविधता की आड़ में समाज और देश को बांटने की कोशिश में जुटे रहते हैं। लेकिन भारतीय चिंतन विविधता में भी एकत्व संदेश देता है। हमारी संस्कृति का आचरण सद्भाव पर आधारित है।

यह हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम परिवारों के भीतर भी यह भाव साफ देखा जा सकता है। एक सौ तीस करोड़ का समाज भारत माता का पुत्र है। हमारा बंधु है। क्रोध और अविवेक के कारण इसका लाभ लेने वाली अतिवादी ताकतों से सावधान रहना है। सेवा समरसता आज की आवश्यकता है। इस पर अमल होना चाहिए। इसी से श्रेष्ठ भारत की राह निर्मित होगी। वर्तमान परिस्थिति में आत्मसंयम और नियमों के पालन का भी महत्व है। समाज में सहयोग सद्भाव और समरसता का माहौल बनाना आवश्यक है। भारत दूसरे देशों की सहायता करता रहा है। क्योंकि यही हमारा विचार है।

समस्त समाज की सर्वांगीण उन्नति ही ही संघ का एकमात्र लक्ष्य है। संघ प्रमुख मानते हैं कि जब हिंदुत्व की बात आती है तो किसी अन्य पंथ के प्रति नफरत, कट्टरता या आतंक का विचार स्वतः समाप्त हो जाता है। तब वसुधैव कुटुंबकम व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव ही जागृत होता है। भारत जब विश्व गुरु था, तब भी उसने किसी अन्य देश पर अपने विचार थोपने के प्रयास नहीं किये। भारत शक्तिशाली था, तब भी तलवार के बल पर किसी को अपना मत त्यागने को विवश नहीं किया। दुनिया की अन्य सभ्यताओं से तुलना करें तो भारत बिल्कुल अलग दिखाई देता है। जिसने सभी पंथों को सम्मान दिया। सभी के बीच बंधुत्व का विचार दिया।

## मुझे कुछ कहना है...



शिक्षा आज व्यवसाय का रूप ले चुका है। गली-मोहल्ले में शिक्षण व कोचिंग संस्थान शुरू करनेवालों का उद्देश्य ही अधिक से अधिक व्यायसायिक लाभ कमाना है। लाभ कमाने में कोई बुराई नहीं है लेकिन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, विद्यार्थी का भविष्य संवरे, यह सुनिश्चित होना चाहिए। हालांकि अपने देश में कई ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने समाज की सेवा का बीड़ा उठाया और ज्ञान बांटने का काम किया। वह भी बिना किसी स्वार्थ के। अपना जीवन ही समाज को आगे बढ़ाने में समर्पित कर दिया। ऐसी विशिष्ट हस्तियों में एक थे महात्मा हंसराज। तमाम शैक्षिक संस्थानों में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई जा रही है। उनके जीवन को याद किया जा रहा है। सीख लेने की प्रेरणा दी जा रही है। उनकी जयंती को समर्पण एवं संकल्प दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। डीएवी समूह के स्कूलों में पवित्र आहुतियां देकर महात्मा हंसराज का स्मरण किया जा रहा है। महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को पंजाब राज्य के होशियारपुर जिले के बजवाड़ा ग्राम में हुआ था। उन्होंने अपने त्यागपूर्ण कार्यों से अपनी नैतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति सहित धर्म, विद्या एवं संस्कृति तथा सबकी सामाजिक उन्नति में तत्पर होने का आदर्श प्रस्तुत किया। दरअसल, महर्षि दयानंद की मृत्यु के बाद उनके अनुयायियों ने विचार किया कि महर्षि दयानंद ने अपने जीवन में समाज, देश और मनुष्य जाति के कल्याण का कार्य किया है। क्यों न उनकी स्मृति में कोई स्मारक, भवन आदि बनाया जाए। इसी विचार श्रृंखला में यह तय किया कि क्यों न एक ऐसी संस्था बनाई जाए, जो समाज का कल्याण करे। संस्था बनी। नाम भी दयानंद एंग्लो वैदिक यानि डीएवी रखा गया। डीएवी के प्रथम आचार्य महात्मा हंसराज को बनाया गया। महात्मा हंसराज ने डीएवी की सेवा 25 वर्षों तक अवैतनिक रूप से की। जो वृक्ष डीएवी रूपी 1886 में लाहौर में लगाया गया था, आज वह वट वृक्ष के रूप में परिवर्तित हो गया है। महात्मा हंसराज का मानना था कि स्वयं को ऊंचा उठाना है तो मानव सेवा को अपना स्वभाव और अपनी आदत बनाना ही होगा। आज भी ऐसे महान विभूतियों की जरूरत है।

**ऐनुल हक अंसारी, पूर्व जिला परिषद सह पंचायत समिति सदस्य।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज केकेआर को हराकर प्लेऑफ की संभावनाएं बरकरार रखने उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में लगातार पांच मैच में हार से परेशान दिल्ली कैपिटल्स टीम गुरुवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर हर हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली की टीम अभी अंकतालिका में सबसे नीचे है और अगर वह इस मैच में हारती है तो उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। इस मैच में टीम बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को भी बाहर किया जा सकता है क्योंकि वह अब तक इस सत्र में रन नहीं बना पाये हैं। इस सत्र के पांच मैचों में पृथ्वी केवल 34 रन ही बना सके हैं और उनका सबसे अधिक स्कोर 15 रन रहा है। ऐसे में पृथवी की जगह पर सरफराज खान को पावरप्ले के ओवरों के लिए विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है जबकि दूसरा विकल्प अनुभवी मनीष पांडे को ऊपर भेजने का हो सकता है। टीम की परेशानी पृथ्वी के खराब प्रदर्शन के अलावा कप्तान डेविड वार्नर के प्रदर्शन में निरंतरता का न होना भी है। वॉर्नर ने अब तक मैचों में 116 की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श भी तीसरे नंबर पर अबतक असफल रहे हैं। ऐसे में रिली रोसोयू या रोवमैन पावेल में से किसी खिलाड़ी को उतारा जा सकता है। यश धुल के पास तकनीक की कमी है और वह इससे उबर नहीं पा रहे हैं। दिल्ली की बेंच स्ट्रेंथ भी काफी कमजोर है जिसकी वजह से खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों के सही विकल्प भी उसके पास है।

वहीं दूसरी ओर केकेआर की टीम का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। उसे पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे उबरकर वह फिर जीत की राह पर आने के इरादे से उतरेगी।




केकेआर के पास कप्तान नितिश राणा के अलावा वेंकटेश अय्यर व मध्यक्रम में रिंकू सिंह जैसे तूफानी बल्लेबाज हैं। इसके अलावा उसके पास वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसेल जैसा हिटर भी है। केकेआर इस मैच में रहमानुल्लाह गुरबाज की जगह इंग्लैंड के जैसन रॉय को उतारा जा सकती है। लेग स्पिनर सुयश शर्मा को अपने घरेलू मैदान खेलने का अवसर मिल सकता है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**दिल्ली कैपिटल्स:** डेविड वार्नर (कप्तान), फिलिप सॉल्ट, यश ढुल, मनीष पांडे, अक्षर पटेल, अमन हाकिम खान, ललित यादव, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, एनरिच नार्जे, लुंगी एनगिडी

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, एन जगदीसन, नीतीश राणा (कप्तान), रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, शार्दुल ठाकुर, उमेश यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, वरुण चक्रवर्ती।

# अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अभी भी नहीं सूर्यकुमार का कोई तोड़, रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं काबिज

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार 906 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) पर 100 से भी अधिक अंक की बढ़त हासिल है। शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा।

पूर्व कप्तान विराट कोहली 15वें स्थान के साथ बल्लेबाजों की सूची में अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। वह भी अपनी पिछली रैंकिंग पर बरकरार हैं। गेंदबाजों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह 14वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक स्थान के नुकसान से 19वें पायदान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। हारिस राउफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 10 विकेट के साथ शादाब खान को पछाड़कर पाकिस्तान के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। उनके 906 अंक हैं। राउफ ने न्यूजीलैंड के



खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला में लगातार दो मैच में चार-चार विकेट चटकाए।

राउफ को पांच स्थान का फायदा हुआ है और वह 11वें पायदान पर हैं। इस बीच ईश सोढी (620) और शाहीन शाह अफरीदी (624) भी गेंदबाजी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने 13 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में 10 विकेट की बदौलत वह शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। जयसूर्या के नाम करियर के सर्वश्रेष्ठ 669 अंक हैं और वह टेस्ट प्रारूप में श्रीलंका के शीर्ष गेंदबाज बन गए हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरी पारी में चार विकेट चटकाने वाले स्पिनर रमेश मेंडिस (576) को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह 32वें स्थान पर हैं।

# सचिन ने बेटे की तारीफ में कहा, अब अर्जुन के पास है एक आईपीएल विकेट

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में अपने बेटे अर्जुन तेंदुलकर के अच्छे प्रदर्शन पर उनकी तारीफ की है। अर्जुन ने आईपीएल में अपना पहला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लेकर मुंबई इंडियंस की जीत में अपना भी योगदान दिया। वहीं इससे पहले अर्जुन ने वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

सचिन ने मुंबई इंडियंस की जीत की हैट्रिक के बाद एक प्रशंसात्मक ट्वीट किया और कहा, मुंबई इंडियंस द्वारा एक बार फिर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन। कैमरून ग्रीन ने दोनों बल्ले और गेंद से प्रभावित किया। ईशान और तिलक की बल्लेबाजी अच्छी है! आईपीएल हर दिन अधिक दिलचस्प होता जा रहा है। शानदार लड़के! और अंत में अर्जुन के पास एक आईपीएल विकेट है!

वहीं मैच के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने भी अर्जुन की



जमकर तारीफ की और कहा कि यह युवा अपनी योजनाओं के प्रति काफी आश्वस्त और स्पष्ट है। रोहित ने कहा, अर्जुन तीन साल से इस टीम का हिस्सा है। वह समझता है कि वह क्या करना चाहता है। वह काफी आत्मविश्वासी भी है। वह अपनी योजनाओं में स्पष्ट है। वह नई गेंद को स्विंग कराने और डेथ ओवरों में यॉर्कर डालने की कोशिश कर रहा है।

# आईपीएल में आज आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबले की संभावनाएं

**मोहाली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ उतरेगी। इस मैच में पंजाब के कप्तान शिखर धवन के खेलने पर सभी की निगाहें रहेंगी। धवन चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाये थे और ऐसे में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच में सैम कुरेन ने कप्तानी संभाली थी। धवन ने अब तक इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं और ऐसे में उनका न खेलना टीम के लिए एक बड़ा झटका रहेगा।

पंजाब को पिछले मैच में जीत मिली थी। ऐसे में अपने घरेलू मैदान पर होने वाले इस मैच में उसका मनोबल बढ़ा रहेगा। पंजाब के पास जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा के अलावा मैथ्यू शॉर्ट, हरप्रीत सिंह और एम शाहरूख खान जैसे खिलाड़ी हैं जिसे में वह जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। धवन अगर नहीं खेल पाते तो उनके सलामी जोड़ीदार




प्रभसिमरन सिंह को बेहतर तरीके से खेलना होगा। पिछले मैच में प्रभसिमरन और उनके नये सलामी जोड़ीदार अथर्व तायडे रन नहीं बना पाये थे।

पंजाब के पास गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह और कुरेन के अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भी हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर कायम पंजाब के बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाये हैं।

वहीं दूसरी ओर आरसीबी की दावेदारी भी कमजोर नहीं है। कप्तान फाफ डु प्लेसी की टीम में अनुभवी विराट कोहली जैसे बल्लेबाज है। टीम के लिए हालांकि डु प्लेसी का खराब फार्म परेशानी बन सकता है। वह पिछले मैच में छह रन ही बना सके।

आरसीबी के पास ग्लेन मैक्सवेल जैसा ऑलराउंडर है। इसे अलावा शाहबाज अहमद, दिनेश कार्तिक और सुयश प्रभुदेसाई ने भी अब तक प्रभावित किया है पर शीर्ष क्रम के लगातार अच्छा नहीं खेल पाने से टीम को नुकसान हुआ है। कोहली और महिपाल लोमरोर सीएसके के खिलाफ मैच में असफल रहे थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम मामूली अंतर से बिखर गयी थी। ऐसे में अब टीम को मनोबल बढ़ाने एक बढ़ी जीत की जरुरत है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा, भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, सुयश प्रभुदेसाई, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, डेविड विली, वेन पार्नेल, हिमांशु शर्मा, मनोज भांडगे, राजन कुमार, अविनाश सिंह, सोनू यादव और माइकल ब्रेसवेल।


# दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ियों का सामान हुआ गायब

नई दिल्ली । आईपीएल के इस 16 वें सत्र में लगातार हार से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स टीम की परेशानी बढ़ती जा रही है। टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ा जिससे वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। वहीं अब उसके खिलाड़ियों का सामान भी चोरी हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम के खिलाड़ियों के 16 बैट, पैड्स, जूते, थाई पैड्स और ग्लव्स खिलाड़ियों के किट बैग में से गायब हैं। टीम बैंगलोर से फ्लाइट लेकर दिल्ली आ रही थी। जब खिलाड़ियों ने दिल्ली आकर अपने-अपने किटबैग चेक किए तो उनमें से यह सारा सामान गायब था। यह भी कहा जा रहा है कि गायब हुए बल्लों में से तीन डेविड वॉर्नर, तीन फिल सॉल्ट, दो मिचेल मार्श और पांच यश धूल के थे। वहीं अन्य खिलाड़ियों के ग्लव्स, जूते आदि सामान क्रिकेट किट में से गायब था। बता दें कि विदेशी खिलाड़ियों के एक बल्ले की कीमत तकरीबन एक लाख रुपये थी।

# आईपीएल में भारतीय टीम से बाहर चल रहे खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन

मुम्बई । आईपीएल के इस 16 वें सत्र में अब तक हुए दो दर्जन मैच में शिखर धवन सहित उन क्रिकेटरों का प्रदर्शन अच्छा रहा है जिन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। माना जा रहा है कि ये सभी खिलाड़ियों आईपीएल में अपने प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का ध्यान खींचने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही इन खिलाड़ियों की नजरें इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए भी अपनी दावेदारी पेश करना है। इन खिलाड़ियों में अनुभवी सलामी बल्लेबाजी शिखर धवन से लेकर ऋतुराज गायकवाड़ ओर तिलक वर्मा सहित वरुण चक्रवर्ती और तुषार पांडे जैसे खिलाड़ी हैं। धवन पिछले काफी समय से टी20 और टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्हें पिछले दिनों एकदिवसीय टीम में भी शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने इस लीग अब तक 4 मैच की 4 पारियों में 117 की औसत से 233 रन बनाये हैं। इसमें 2 अर्धशतक भी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 147 का है। उन्होंने एक मैच में नाबाद 99 रन भी बनाये थे। धवन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स से खेल रहे ऋतुराज गायकवाड़ और मुंबई इंडियंस से खेल तिलक वर्मा ने भी अब तक प्रभावी प्रदर्शन किया है। ऋतुराज ने सीएसके की ओर से अब तक 5 मैच में 50 की औसत से 200 रन बनाए हैं जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है। इसमें 92 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उनका स्ट्राइक रेट 150 का है जबकि तिलक वर्मा ने 4 मैच में 59 की औसत से 177 रन बनाए हैं। इसमें एक अर्धशतक शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 150 का है। ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने भी अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक शतक भी लगाया है। वेंकटेश ने 5 मैच में 47 की औसत से 234 रन बनाए हैं।

# पाक क्रिकेटर उमर की दिग्गज क्रिकेटरों को चेतावनी, मेरे पास भी है उनके राज



## -राज सार्वजनिक किये तो मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे

**लाहौर(एजेंसी)।** पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे पूर्व क्रिकेटर उमर अकमल ने दिग्गज क्रिकेटरों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह खुलासे करने लगे तो कई क्रिकेट लोगों को मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहेंगे। साथ ही कहा कि लोग क्रिकेट देखना भी छोड़ देंगे।

पाक टीम से लंबे समय से बाहर चल रहे उमर ने कहा कि राष्ट्रीय टीम और घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए उन्होंने विदेशी लीग तक में खेलने से मना कर दिया। इसके बाद भी उन्हें मौका नहीं दिया गया। अपने टिकटॉक वीडियो पर आलोचना झेलने वाले उमर ने कहा,

क्या मैं अपने भाई-बहनों की शादी में नाच नहीं सकता? उमर ने कहा, अगर मैं अपने किसी रिश्तेदार की शादी में नाच रहा हूं तो क्या ये बुरी बात है? मैं बस इतनी बात कहूंगा कि जो लोग ये कहते हैं कि ये परिपक्व क्यों नहीं हो रहा तोज्मेरे ख्याल ये बातें ज्यादातर पूर्व क्रिकेटर्स ही बोलते हैं।

अकमल ने कहा, मैं इस शो में बस इतनी सी बात बोलता हूं कि मुझे मजबूर मत करें क्योंकि उनके राज भी मेरे पास पड़े हुए हैं। अगर मैंने राज बाहर निकाले तो उनकी इज्जत नहीं रहेगी। पाकिस्तान के लोग क्रिकेट देखना बहुत पसंद करती है परन्तु अगर मैंने ये राज बाहर निकाले तो हमारे लोग क्रिकेट देखना बंद कर देंगे।

उमर ने साथ ही कहा कि मेरे बड़े भाई कामरान ने भी करियर में मेरा साथ नहीं दिया। मैंने जो कुछ किया वह अपने बल पर किया। कामरान अकमल ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

# ओस्टापेंको ने स्टटगार्ट के पहले दौर में राडूकानू को हराया



स्टटगार्ट। पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन येलेना ओस्टापेंको ने पोर्शे ग्रां प्री इंडोर क्लेकोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एम्मा राडूकानू को 6.2, 6.1 से हरा दिया। फ्रेंच ओपन 2017 चैम्पियन लाटविया की ओस्टापेंको ने पहले ही सेट में अमेरिकी ओपन 2021 चैम्पियन राडूकानू की सर्विस दो बार तोड़कर उसे दबाव में ला दिया। एक अन्य मैच में पाउला बाडोसा ने सातवीं वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना को 6.1, 6.1 से हराया। अब उनका सामना क्वालीफायर क्रिस्टिना बुक्सा से होगा। बारबरा क्रेइसिकोवा ने लियुडमिला सैमसोनोवा को 6.2, 6.0 से शिकस्त दी और अब वह एरिना सबालेंका से खेलेगी।

# आईपीएल में फिर आई सट्टेबाजी की आंच, मोहम्मद सिराज ने खुलासा कर बीसीसीआई को दी जानकारी

**बेंगलुरु। (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में सट्टेबाजी फिर से सक्रिय हो गई है। यहां फिर से फिक्सिंग का मामला सामने आया है। सालों पहले भी फिक्सिंग की आंच आईपीएल पर पड़ चुकी है। वही अब एक बार फिर से सट्टेबाजी की आंच आ गई है। इस बार टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सिराज ने फिक्सिंग को लेकर बड़ा खुलासा किया है।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेलने वाले स्टार खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के खुलासे के बाद से सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक आईपीएल में सट्टेबाजी के दौरान एक ड्राइवर ने पैसे गंवा दिए जिसके बाद उसने सिराज से संपर्क किया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाइ (एसीयू) को जानकारी दी है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने आईपीएल के पिछले मैच में भारी पैसा हारने के बाद उनकी टीम की अंदरूनी जानकारी के लिये उनसे संपर्क किया था। सिराज ने फोन आने के बाद तुरंत एसीयू अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया ,''जिसने सिराज से संपर्क किया वह सटोरिया नहीं था। वह मैचों पर सट्टा लगाने का आदी हैदराबाद का एक ड्राइवर था। उसने काफी पैसा गंवा दिया था इसलिये उसने अंदरूनी जानकारी के लिये सिराज से संपर्क किया।'' उन्होंने कहा ,'' सिराज ने तुरंत इसकी सूचना दी।



# अंडर-19 विश्वकप में विवादों में रहे थे विराट को आउट करने वाले आकाश

बेंगलूर । यहां आईपीएल मुकाबले में विराट कोहली को केवल छह रनों पर ही पेवेलियलन भेजने वाले चेन्?नई सुपर किंग ?स के युवा तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने सभी का ध्यान खींचा है। 20 साल के युवा तेज गेंदबाज आकाश ने भारतीय टीम की ओर से अंडर-19 विश ?व कप खेला है। आकाश उसी विश्वकप के दौरान एक विवाद में भी फंस गये थे। इस विश्वकप में भारत और बांग्लादेश के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया था। इस मैच में बांग्लादेश की जीत के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों की झड़प कुछ भारतीय खिलाड़ियों से हुई थी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने झगड़े में शामिल खिलाड़ियों को फटकार लगायी थी। इन खिलाड़ियों में आकाश भी शामिल थे। आकाश ने तब जूनियर विश ?व कप के छह मैचों में 3.81 की इकनॉमी से अच्छी गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए थे। वहीं साल 2020 में ही राजस्?थान रॉयल?स ने आकाश सिंह को आधार मूल्य पर ही खरीद लिया था हालांकि उस साल उन्?हें खेलने का अवसर नहीं मिला। साल 2021 में आकाश ने आईपीएल में एक मैच में खेल पर वह एक भी विकेट नहीं ले पाये। इसके बाद आकाश को सीएसके ने चोटिल तेज गेंदबाज मुकेश सिंह की जगह पर शामिल किया गया।

# सुदीरमन कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे प्रणय और पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू चीन के सुजोऊ में 14 से 21 मई के बीच होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ की सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति की मंगलवार को यहां बैठक हुई जिसमें टीम का चयन किया गया। टीम का लक्ष्य इस मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक हासिल करना होगा।

भारतीय पुरुष टीम ने पिछले साल प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था जिससे भारतीय टीम की सुदीरमन कप में पदक जीतने की संभावना बढ़ गई है। भारत ने इस साल के शुरू में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा,'' सुदीरमन कप प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और चयनकर्ताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अध्ययन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है इस साल यह टीम पदक के लिए चुनौती पेश करेगी।''

भारत को मलेशिया, चीनी ताइपे और ऑस्ट्रेलिया के साथ ग्रुप सी में रखा गया है और उसका पहला लक्ष्य नॉकआउट चरण में जगह बनाना होगा। चोट के कारण एशियाई मिश्रित टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाने वाले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की वापसी से पुरुष युगल टीम को मजबूती मिली है जबकि महिला युगल में ऑल इंग्लैंड की सेमीफाइनलिस्ट गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली के अलावा अश्विनी पोनप्पा और उनकी नई जोड़ीदार तनीषा क्रैस्टो को भी शामिल किया गया है।

किदांबी श्रीकांत और मौजूदा सीनियर राष्ट्रीय महिला एकल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय एकल में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। भारतीय टीम इस प्रकार हैः पुरुष एकलः एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत (रिजर्व-लक्ष्य सेन) महिला एकलः पीवी सिंधू, अनुपमा उपाध्याय (रिजर्वः आकर्षी कश्यप) पुरुष युगलः सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन/ध्रुव कपिला महिला युगलः गायत्री गोपीचंद/त्रीसा जॉली, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगलः तनीषा क्रैस्टो/साई प्रतीक।




# दक्षिण अफीका में आयोजन के बाद से ही आईपीएल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी : शास्त्री

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का स्तर शुरू से ही काफी अच्छा रहा है। इसी कारण यह लीग विश्व क्रिकेट में नंबर एक पर है पर साल 2009 में दक्षिण अफीका में आयोजन के बाद से ही दुनिया भर में इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। भारत में आम चुनाव के कारण साल 2009 में आईपीएल का दूसरा संस्करण दक्षिण अफीका में हुआ था। आईपीएल की शुरुआत 15 साल हुई थी तब शास्त्री भी इस लीग की संचालन परिषद में शामिल थे। उन्होंने आईपीएल के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा,''अगर आप इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर ध्यान दें तो देखेंगे कि क्रिकेट की गुणवत्ता इतनी अच्छी थी कि यह लीग तेजी से आगे बढ़ने लगी हालांकि इसपर अंतिम मुहर तब लगी जब इसका आयोजन दक्षिण अफीका में हुआ। दक्षिण अफीका में सभी लोग आईपीएल को लेकर भारत की तरह ही उत्साहित दिखे।''





# फ्लाइट में मुफ्त की शराब देखकर इतने एक्साइटेड हो गए थे मनोज बाजपेयी... पीकर हो गए बेहोश जानें फिर क्या हुआ

मनोज बाजपेयी ने अभिनेता बनने के लिए बिहार से दिल्ली आने के बाद एक लंबा सफर तय किया है. उन्होंने थिएटर में शुरुआत की और फिर 1994 में शेखर कपूर की प्रशंसित फिल्म बैंडिट क्वीन में एक छोटी भूमिका के साथ फिल्मों में शामिल हुए. तब से, उन्होंने सत्या ( 1998 ) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और शूल के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर क्रिटिक्स अवार्ड जीता. उनकी एक्टिंग की फैंस दीवानी है. फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं. एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुलासा किया था कि जब वह पहली बार इंटरनेशनल फ्लाइट में गए थे, तो उन्हें नहीं पता था कि वहां शराब फ्री में मिलती है.

**मनोज वाजपेयी ने पी ली थी शराब**

एक इंटरव्यू में, अभिनेता ने फ्रांस में अपनी पहली विदेश यात्रा को याद किया. उन्होंने कहा, जब मैं थिएटर कर रहा था, तब मैं पेरिस गया था, वह मेरी पहली इंटरनेशनल ट्रिप थी. फ्लाइट के दौरान मैंने शराब बिल्कुल नहीं ली, क्योंकि मुझे लगा था कि वे इसके लिए मुझसे पैसे लेंगे. मेरे पास पैसा नहीं है! थिएटर की वजह से मैं वहां एक एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जा रहा था. तो वहां जाने के बाद मुझे पता चला कि वे इसे मुफ्त में परोसते हैं. वापस आते समय मैंने इतना पी लिया कि मैं बेहोश हो गया!

**चॉपस्टिक पर क्या बोले मनोज वाजपेयी**

फ्रांस में रहते हुए उन्हें चॉपस्टिक से खाने की कोशिश करते हुए एक मजेदार अनुभव भी हुआ. उन्होंने आगे कहा, जब मैं पेरिस गया था, मैं एक पार्टी में गया था, जहां ये ( चॉपस्टिक्स ) थे और लोग इसके साथ आराम से खा रहे थे. मैंने इसे आजमाया, हर बार जब मैं इसे पकड़ता, तो खाना नीचे गिर जाता. एक मेज के दूसरी तरफ से एक महिला आई, कांटा उठाया, और उसने कहा, आप इसे भी इस्तेमाल कर सकते हैं. चिंता न करें, इसके लिए अभ्यास की जरूरत है.

**इन फिल्मों में दिखे थे मनोज वाजपेयी**

मनोज को आखिरी बार डिजनी+ हॉटस्टार की फिल्म गुलमोहर में शर्मिला टैगोर, सिमरन और सूरज शर्मा के साथ देखा गया था. उनके पास डिस्पैच, सूप और जोरम जैसी फिल्में भी हैं जो रिलीज होने वाली हैं. अभिनेता से प्राइम वीडियो के द फैमिली मैन के तीसरे सीजन पर काम शुरू करने की भी उम्मीद है.



# सामंथा पर भड़के प्रोड्यूसर चिट्टी बाबू

साउथ फिल्मों के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने सामंथा रुथ प्रभु के लिए कहा है कि उनका फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है और स्टारडम भी। चिट्टी बाबू ने कहा कि अब सामंथा को सस्ती पब्लिसिटी वाली चीजें नहीं करनी चाहिए। बीमारी के जरिए वह सिर्फ सिंपथी बटोर रही हैं।  साउथ के प्रोड्यूसर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने सामंथा रुथ प्रभु के लिए चौंकाने वाली बात कही है. चिट्टी बाबू ने कहा कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चका है और स्टारडम भी खत्म है. चिट्टी बाबू के मुताबिक, सामंथा सिर्फ सिंपथी के लिए अपनी बीमारी का इस्तेमाल कर रही हैं. सामंथा रुथ प्रभु अभी भी फिल्मों में काम कर रही हैं। उनकी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। लेकिन एक प्रोड्यूसर का कहना है कि अब सामंथा का फिल्मी करियर खत्म हो चुका है। उनके करियर में कुछ नहीं बचा है। सामंथा रुथ प्रभु पिछले कुछ साल से बड़ी मुश्किलों से गुजर रही हैं। वही अभी तक नागा चैतन्य संग तलाक से उबर नहीं पाई हैं, इसी बीच वह मायोसिटिस नाम की बीमारी का शिकार हो गईं। इस वजह से सामंथा को एक्टिंग से कुछ वक्त की दूरी बनानी पड़ गई थी। बावजूद इसके सामंथा फिल्में कर रही हैं। सामंथा की एक्टिंग को भी खूब सराहा जा रहा है। मालूम हो की सामंथा को कुछ समय पहले ही मायोसिटिस नाम की बीमारी के बारे में पता चला। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें मांसपेशियों में सूजन आ जाती है। बेहद थकान, कमजोरी और बाकी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। इन तकलीफों के बावजूद सामंथा ने काम को रुकने नहीं दिया और इलाज के कुछ दिनों में ही सेट पर वापसी कर ली।

**सामंथा और नागा चैतन्य के रिश्ते में क्यों आई दरार?**

लेकिन इसी बीच साउथ फिल्मों के दिग्गज प्रोड्यूसर और डायरेक्टर  ने सामंथा को लेकर शॉकिंग बात कह दी। उन्होंने कहा कि सामंथा का फिल्मों में करियर खत्म हो चुका है, और अब वह दोबारा स्टारडम नहीं पा सकती। फिल्मीबीट के मुताबिक, त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने यह दावा सामंथा के फिल्म प्रमोशन के तरीके को देखकर कहा। दावा किया जा रहा है कि सामंथा फिल्म को प्रमोट करने के लिए अपनी बीमारी और हेल्थ कंडीशन का इस्तेमाल कर रही हैं। इसी पर त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने एक इंटरव्यू में रिएक्ट किया।

**सामंथा का रोना नकली, सिंपथी का तरीका है**


त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू से पूछा गया कि सामंथा फिल्म शाकुंतलम के प्रमोशन के दौरान इमोशनल हो गई थीं। इस पर रिएक्ट करते हुए वह बोले, यह नकली था। सामंथा बता रही थीं कि शकुंतला बनने के लिए उन्हें क्या कुछ सहना पड़ा। लेकिन सभी एक्टर्स ऐसा करते हैं। उन्हें किरदार में घुसने के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है। यशोदा के प्रमोशन के दौरान भी ऐसा ही था। यह सही नहीं है। यह सिर्फ सिंपथी पाने का तरीका है, पर इससे सिर्फ आलोचना ही मिलेगी। यह सही नहीं है। मेहनत करना आपकी नौकरी का हिस्सा है। हमने ऐसे कई एक्टर्स को देखा है जो किरदार के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। लेकिन सामंथा को अब सिंपथी नहीं लेनी चाहिए। यह बहुत अजीब और सस्ती पब्लिसिटी है।

**सामंथा का करियर खत्म, वापस नहीं मिलेगा स्टारडम**

त्रिपुरनेनी चिट्टी बाबू ने आगे कहा, सामंथा का वजन घट गया और उनका चेहरा भी बदल गया है। वह बीमार हो गईं और हर फिल्म के लिए अब ड्रामा कर रही हैं। उनका करियर खत्म हो चुका है। सोशल मीडिया पर सामंथा की जो तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, वो सब पब्लिसिटी के लिए थे। बहुत से एक्टर्स हैं, जिन्होंने बीमारी में भी काम किया है, बुखार में किया है, लेकिन उन्होंने कभी ऐसा कुछ नहीं बताया। सामंथा अपना चार्म और स्टारडम खो चुकी हैं। वह एक सुपरस्टार थीं और अपना पीक देख चुकी हैं। अब उन्हें आगे बढ़ना होगा। वह इसीलिए ऐसे कदम उठा रही हैं। लेकिन सामंथा को ऐसी सस्ती ट्रिक्स इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। लोग भावनाओं से प्रभावित होकर फिल्म नहीं देखते। अब देखने वाली बात यह होगी कि सामंथा रुथ प्रभु इस पर कैसे रिएक्ट करेंगी।

# वेश्यावृत्ति के आरोप में कास्टिंग डायरेक्टर आरती मित्तल गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, आरती मित्तल ने मॉडल्स को तब निशाना बनाया जब वह उनसे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के दौरान मिलीं. उसने उन्हें वेश्यावृत्ति में शामिल होने के लिए अच्छे पैसे देने का ऑफर दिया. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस इंस्पेक्टर मनोज सुतार को सूचना मिली थी कि वो देह व्यापार का धंधा चला रही है. उन्होंने एक टीम बनाई और ग्राहक बनकर गोरेगांव होटल पहुंचे. उन्होंने आरती को बुलाकर अपने दोस्तों के लिए दो लड़कियां लाने के लिए कहा. आरती ने इसके लिए उनसे 60 हजार रुपये की मांग की. पुलिस ने ये सब कैमरे में रिकॉर्ड कर लिए.



# इतने करोड़ की मालकिन है सुमोना

टीवी एक्ट्रेस सुमोना चक्रवर्ती द कपिल शर्मा शो से लोकप्रियता बटोर रही है. इस शो ने उन्हें नाम और शोहरत दोनों दी है. सुमोना शो में कपिल शर्मा की ऑनस्क्रीन वाइफ का किरदार निभाती है. दर्शकों को दोनों के बीच नोक-झोंक काफी पसन्द आती है. एक्ट्रेस के बारे में फैंस ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते है. ऐसे में आपको आज बताते है उनके नेट वर्थ के बारे में.

**सुमोना चक्रवर्ती का बोल्ड अंदाज देखा आपने?**

सुमोना चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अक्सर वो अपनी ग्लैमरस तसवीरों से लोगों का दिल धड़का देती है. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को 1.3 मिलियन लोग फॉलो करते है. उन्होंने अबतक 1,029 पोस्ट किए है और वो अबतक करीब 118 पोस्ट कर चुकी है. एक्ट्रेस कपिल सेट से भी कई तसवीरें शेयर करती रहती है.

**सुमोना चक्रवर्ती की नेट वर्थ**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सुमोना चक्रवर्ती के पास करोड़ों की संपत्ति है. एक्ट्रेस के पास कुल संपत्ति 30 करोड़ रुपये है. इसके अलावा उनके गैराज में कई महंगी कारें है.

**चाईल्ड आर्टिस्ट रह चुकी है सुमोना**

सुमोना चक्रवर्ती ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक चाईल्ड आर्टिस्ट के तौर पर आमिर खान और मनीषा कोईराला अभिनीत फिल्म मन से की थी. इसके बाद कुछ सालों तक कई टेलीविजन शोज़ में नजर आई. हालांकि उन्हें बड़ी सफलता साल 2011 में बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा निर्मित टेलीविजन शो बड़े अच्छे लगते हैं में निभाए गए किरदार नताशा से मिली. इन दिनों वो कपिल शर्मा शो में नजर आ रही है और लोकप्रियता हासिल कर रही है.



# केबीसी- 15 के हॉट सीट पर किस्मत आजमाने के लिए हो जाएं तैयार

अमिताभ बच्चन  कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 के साथ फिर से टीवी पर वापसी कर रहे है. जी हां, आपने सही पढ़ा. केबीसी 15 शुरू होने वाला है. शो का पहला प्रोमो मेकर्स ने जारी कर दिया है, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए है. रजिस्ट्रेशन्स 29 अप्रैल से शुरू होंगे. वीडियो पर यूजर्स रिएक्शन दे रहे है.कौन बनेगा करोड़पति सीजन 15 का प्रोमो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. प्रोमो में एक महिला हॉटसीट पर पहुंचने के लिए काफी मेहनत करती दिखती है. वो महिला सुरंग खोदकर हॉटसीट तक पहुंचती है और अमिताभ बच्चन से गेम ऑन करने कहती है. इसपर बिग बी उस महिला से कहते है कि हॉटसीट तक पहुंचने के लिए ऊल जुलूल हथकंडे मत अपनाइए. वह कहते हैं बस फोन उठाएं और 29 अप्रैल रात 9 बजे से पूछे गए सवालों के जवाब भेजिए! 29 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा. केबीसी के वीडियो पर यूजर्स रिएक्ट कर रहे है. एक मीडिया यूजर ने लिखा, वॉव, केबीसी वापस आ गया. एक यूजर ने लिखा, केबीसी के एक और सीजन की मेजबानी के लिए एबी सर का इंतजार नहीं कर सकता! एक अन्य यूजर ने लिखा, इस खबर ने मेरा दिन बना दिया, केबीसी को वापस लाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं 29 तारीख से रजिस्ट्रेशन कराऊंगा.

**2000 में लॉन्च हुआ था केबीसी**

बता दें कि कौन बनेगा करोड़पति 14 पिछले साल 7 अगस्त, 2022 को टीवी पर शुरू हुआ था. कौन बनेगा करोड़पति को 2000 में लॉन्च किया गया था. अमिताभ बच्चन 2000 से ही केबीसी को होस्ट कर रहे है. हालांकि सिर्फ एक सीजन को शाहरुख खान ने होस्ट किया था, बाकी सारे सीजन बिग बी ने होस्ट किए. फिल्मों की बात करें तो वो प्रोजेक्ट के को लेकर चर्चा में है.



# प्रियंका करना चाहती है स्मगलिंग

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी बीजी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग सिरीज  की प्रोमोशन के लिए मुंबई आई थी और साथ में बेटी मालती और पती निक जॉनस भी थे। अपने कामों में बीजी प्रियंका अपने फैंस के लिए भी टाइम निकाल ही लेती हैं और सोशल मीडिया पर काफी आक्टिव रहती हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने एक फोटो पोस्ट की जिसमें वो किसी चीज की तस्करी करते नजर आईं। एक्ट्रेस ने यूजर्स से यह भी पूछा कि क्या इसे ले जाना कानूनी है या नहीं.. प्रियंका की ये फोटो इंस्टाग्राम पर जमकर वायरल हो रही हैं। दरअसल, सिटाडेल के प्रमोशन के दौरान प्रियंका चोपड़ा गर्मी के सीजन का सबसे फेवरेट फल आम खाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने आम की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि वो इसकी तस्करी कर रही हैं 'क्या ये लीगल है या नहीं...?



# फिल्म छत्रपति में फीमेल लीड होंगी नुसरत

किसी भी अभिनेता के लिए, एक ऐसी फिल्म से जुड़ना जो बड़े पैमाने पर बनाई गई हो , वह किसी सपने के साकार होने के सामान है  खासकर जब वह एक  हाई ऑक्टेन एक्शन ड्रामा हो। फिल्म छत्रपति के टीज़र रिलीज़ के बाद से ही लोगों के बीच इस फिल्म की उत्सुकता देखने लायक है और अब मेकर्स ने फिल्म की मैं लीड का अनाउंसमेंट कर लोगो के एक्ससाइटमेंट  को और बढ़ा दिया है। आप को बता दें की इस फिल्म फीमेल लीड के रूप में नुसरत भरुचा नज़र आएँगी।  फिल्म छत्रपति से  श्रीनिवास के बॉलीवुड डेब्यू का प्रतीक है। हम सभी फिल्म के हिंदी संस्करण में नुसरत और श्रीनिवास की केमेस्ट्री देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं । छत्रपति में भूमिका के बारे में बात करते हुए, नुसरत कहती हैं ... मैं बेहद  उत्साहित हूं, लेकिन थोड़ी से नर्वस भी क्यूंकि यह मेरी पहली  पैन इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म है, और मेरे लिए  छत्रपति से  बेहतर फिल्म नहीं हो सकती  है। फिल्म से जुड़े कलाकार , टेक्निशियंस और मेरे को स्टार श्रीनिवास के साथ काम कर के बेहद उत्साहित हूँ। श्रीनिवास कहते हैं कि , नुसरत के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही शानदार रहा। मैं उनका शुक्रगुज़ार हूँ कि उन्होंने मुझे मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म के लिए बहुत ही कंफर्टेबल फील करवाया। छत्रपति हमारे लिए बहुत खास हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि दर्शक 12 मई को रिलीज़ होनेवाली इस फिल्म को पसंद करेंगे। वी. वी. विनायक द्वारा निर्देशित और वी. विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित डॉ. जयंतीलाल गड़ा ( पेन स्टूडियोज ) प्रस्तुत करते  है छत्रपति। यह फिल्म एस.एस. राजामौली की फिल्म का आधिकारिक रीमेक है जिसमे प्रभास लीड रोले में नज़र आये थे। फिल्म में जबरदस्त हाई ऑक्टेन एक्शन सीन देखने को मिलेगा।